संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 05 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने 25 नए चार्जिंग स्टेशनों का उद्घाटन किया, इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 334 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## महाराष्ट्रः देवेंद्र फडणवीस की आज होगी 'ताजपोशी'

● राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से किया सरकार बनाने का दावा, शपथ ग्रहण गुरुवार को




**एकजुट**

▶▶ अजित-शिंदे संग प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले देवेंद्र फडणवीस- पद टेक्निकल है, हम तीनों मिलकर फैसला करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने का दावा किया है। इसके बाद राज्यपाल ने गुरुवार को शाम साढ़े पांच बजे नई सरकार की शपथ विधि को मंजूरी दे दी। इस मौके पर शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार समूह के अध्यक्ष अजीत पवार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल उपस्थित थे। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुधवार को विधानभवन में आयोजित की गई थी। इस बैठक में देवेंद्र फडणवीस को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने वर्षा शासकीय आवास पर गए। इन तीनों नेताओं के बीच भावी सरकार के गठन को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ राजभवन गए और राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि आज वे शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे, राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार के साथ राज्यपाल से मिले और उन्हें एनडीए के सहयोगी दलों की ओर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने पत्र देखने के बाद हमें सरकार गठन की मंजूरी दी है। इसलिए गुरुवार शाम को हमारी सरकार का शपथ विधि होगी। हम तीनों साथ बैठकर मंत्रियों के नाम तय करने वाले हैं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमारी सरकार के समक्ष चुनौतियां बहुत हैं। हमने चुनाव प्रचार के दौरान जो वादे जनता से किए हैं, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार ने कहा कि उन्होंने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनाने का समर्थन दिया है, इसलिए काम-काज में कोई दिक्कत नहीं आएगी। शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमने देवेंद्र फडणवीस को सरकार बनाने का समर्थन दिया है। इससे पहले हम सभी साथ मिलकर जनता के हित में काम कर रहे थे। शिंदे ने कहा कि पद महत्वपूर्ण नहीं है, हमें जनता के विकास कार्यों को प्रमुखता देनी है।

### अजीत दादा को सुबह-शाम शपथ लेने का अनुभवः एकनाथ शिंदे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः महाराष्ट्र के** नए मुख्यमंत्री के तौर पर देवेंद्र फडणवीस कल शपथ लेंगे। इससे पहले आज महायुति के नेताओं ने राज्यपाल से मिलकर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया है। वहीं इसके बाद महायुति के तीनों नेताओं (एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार) ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें एकनाथ शिंदे और अजित पवार एक-दूसरे के बयानों पर मजाकिया अंदाज में चुटकी लेते नजर आए हैं। दरअसल, यह पूछे जाने पर कि क्या वह और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भी कल उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, इस पर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, 'शाम तक इंतजार करें'।

## दरबार साहिब के बाहर सुखबीर सिंह बादल पर गोली चलाई

**बाल-बाल बचे**

▶▶ धार्मिक सजा भुगत रहे सुखबीर बादल पर गोली चलाने वाले व्यक्ति को सेवादारों ने दबोच लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (बादल) के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल आज सुबह बाल-बाल बच गए। अमृतसर में दरबार साहिब के बाहर धार्मिक सजा भुगत रहे सुखबीर बादल पर गोली चलाने वाले व्यक्ति को सेवादारों ने दबोच लिया। इस घटना से दरबार साहिब में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद अमृतसर में दरबार साहिब की तरफ जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने दो दिसंबर को सुखबीर समेत पूर्व अकाली मंत्रियों को धार्मिक सजा सुनाई थी। आज सुखबीर बादल व्हील चेयर पर सेवादार का चोला पहनकर, हाथ मे बरछा लेकर दरबार साहिब के मुख्य दरबार के बाहर दरबान बनकर बैठे थे। इसी दौरान संगत के साथ दल खालसा के नारायण सिंह चौड़ा पहुंचे। उन्होंने रिवाल्वर निकाली और सुखबीर की तरफ तान दी। यह देख अन्य सेवादार चौड़ा की तरफ लपके। इस क्रम में गोली चल गई। सुखबीर के सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अपने घेरे में ले लिया। अमृतसर के एडीसीपी हरपाल सिंह के अनुसार आरोपी दल खालसा से संबंधित बताया जा रहा है। पुलिस को पहले से इस तरह की घटना का अंदेशा था। संदिग्धों की सूची में आरोपित का नाम भी था।

### नौसेना ने पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर ऑपरेशनल डेमो में दिखाई समुद्री ताकत

**नई दिल्लीः** भारतीय नौसेना ने बुधवार को नौसेना दिवस पर ओडिशा में पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर ऑपरेशनल प्रदर्शन (ऑप डेमो) के माध्यम से अपनी ऑपरेशनल शक्ति का प्रदर्शन किया। सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष हुए ऑपरेशन डेमो के लिए 3500 से अधिक कर्मियों को समुद्र में प्लेटफॉर्म पर तैनात किया गया।

## राहुल-प्रियंका संभल नहीं जा सके, गाजीपुर बॉर्डर से लौटे



**अनुमति नहीं**

▶▶ वे पुलिस के साथ अकेले संभल जाने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जा रहीः राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः उत्तर** प्रदेश के हिंसा प्रभावित संभल जाते समय बुधवार को गाजीपुर बॉर्डर पर रोके जाने के बाद राहुल गांधी दिल्ली लौट आए। उनके साथ सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल भी था। राहुल गांधी ने कहा कि वे पुलिस के साथ अकेले संभल जाने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जा रही है, जो असंवैधानिक है। लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर यह उनका संवैधानिक अधिकार है। इसकी अनुमति मिलनी चाहिए थी। हालांकि राहुल गांधी को रोकने के क्रम में पुलिस ने जो बंदोबस्त किए थे, उसके कारण सड़क पर वाहनों का काफी लम्बा जाम लग गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन और पुलिस ने प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोकने के लिए पहले ही सीमा पर नाकाबंदी कर दी थी, क्योंकि वहां पर बाहरी लोगों के जाने पर रोक लागू है। जिले में निषेधाज्ञा भी लागू है, जहां पिछले सप्ताह समाजवादी पार्टी (सपा) के कई सांसदों को जिले में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंध अब संभल में 31 दिसंबर तक बढ़ा दिए गए हैं।

### लाइसेंसिंग प्रक्रिया सरल बनाने के लिए ईमैप विकसित कर रहा है केंद्र

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः केंद्र सरकार राज्य विधिक मापविज्ञान विभागों और उनके पोर्टलों को एकीकृत राष्ट्रीय प्रणाली में समायोजित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक मापविज्ञान पोर्टल (ईमैप) विकसित कर रही है। इस पहल का उद्देश्य लाइसेंस जारी करने, सत्यापन करने और प्रवर्तन और अनुपालन के प्रबंधन की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। केंद्र सरकार का उपभोक्ता मामले का विभाग ईमैप विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य लाइसेंस जारी करने, सत्यापन करने और प्रवर्तन एवं अनुपालन के प्रबंधन के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इसके लागू होने पर व्यवसाय और उद्योग जगत ऑनलाइन आवेदन कर- के कानूनी माप-पद्धति अनुमोदन, लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### चीन के साथ कुछ हिस्से को लेकर असहमति हैः जयशंकर



टीम **एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा में भारत और चीन के रिश्तों को लेकर बयान दिया। उन्होंने इस दौरान भारत-चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की मौजूदा स्थिति की भी जानकारी दी। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ एलएसी पर कुछ हिस्से को लेकर असहमति है, जिसे दूर करने के लिए भारत और चीन समय-समय पर बातचीत करते हैं। उन्होंने कहा, "गलवां घाटी में जून 2020 में हुई झड़प की घटना का भारत-चीन के रिश्तों पर असर पड़ा था। यह 45 वर्षों में पहली बार सीमा पर सैनिकों की जान जाने का मसला नहीं था, बल्कि इसके चलते एलएसी के दोनों तरफ भारी मात्रा में हथियारों की तैनाती हुई थी। हमारे सैन्य बलों ने कोविड काल, रसद की चुनौतियों और भीषण ठंड का सामना करते हुए गलवां घटनाक्रम में समुचित प्रतिक्रिया दी।




केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग की उपलब्धियों पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए।

## संसद में हवाई यात्रा महंगा होने का मुद्दा राघव चड्ढा ने उठाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने हवाई यात्रा महंगा होने का मामला संसद में उठाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आम लोगों को भी हवाई यात्रा कराने लायक सिस्टम बनाने का दावा किया था, लेकिन हवाई टिकटों की महंगाई से आम आदमी अब प्लेन छोड़कर ट्रेन से यात्रा करने में सफर करने के लिए मजबूर हो गया है। राघव चड्ढा ने संसद में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर चर्चा करते हुए कहा कि सिर्फ एक साल के भीतर हवाई यात्रा के किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता पर बोझ बढ़ा है। दिल्ली से मुंबई और पटना जैसे सामान्य रूट्स पर टिकटों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। सरकार देश में टूरिज्म का विकास करने की बात कहती है, लेकिन इस तरह की महंगाई से लोग हवाई यात्राओं से दूर हो रहे हैं। इसका सीधा असर टूरिज्म सेक्टर पर पड़ेगा। चड्ढा ने कहा कि देश के एयरपोर्ट्स की हालत बस अड्डों से भी बदतर हो गई है।

### बहुत सख्त है उत्तर प्रदेश का गुंडा एक्टः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का गुंडा और गैर सामाजिक गतिविधि रोकथाम कानून बहुत सख्त है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही। दरअसल इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मई 2023 में गुंडा एक्ट के तहत लंबित कार्यवाही रोकने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर बीते साल नवंबर में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। साथ ही शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत किसी कार्रवाई पर भी रोक लगा दी थी।

## लोहगढ़ परियोजना विकास समिति का किया गठन

**प्रस्ताव मंजूर**

▶▶ मुख्यमंत्री सैनी ने प्रस्ताव को दी मंजूरी, समिति स्मारक केंद्र के कार्य की प्रगति की निगरानी करेगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर जिले के लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक केंद्र के कार्य की प्रगति की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय लोहगढ़ परियोजना विकास समिति के गठन को स्वीकृति प्रदान की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मामले मंत्री मनोहर लाल समिति के मुख्य संरक्षक होंगे जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसके अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल समिति के मुख्य संरक्षक होंगे तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसके अध्यक्ष होंगे। मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, पूर्व सांसद तरलोचन सिंह, सिख इतिहासकार एवं पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के पूर्व कुलपति डॉ. जसपाल सिंह, विरासत एवं पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव, हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष रणदीप सिंह जौहर, जगदीप एस. चड्ढा शामिल हैं।

**विपक्ष को जवाब** भाजपा की धमकियों से रुकने वाला नहीं कांग्रेस का सत्ता में दो वर्ष का जश्नः अग्निहोत्री

## भाजपा जितना मर्जी जोर लगाए, कांग्रेस सरकार पूरा करेगी अपना कार्यकालः अग्निहोत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार 11 दिसंबर को सत्ता में दो साल का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। ऐसे में जहां विपक्षी दल भाजपा सरकार को उसकी विफलताओं के लिए हर मोर्चे पर घेरने में लगी है, वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस सरकार भी आक्रामक होकर विपक्ष के हमलों का जवाब देने में जुट गई है। इसी कड़ी में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत दिवस को शिमला में एक पत्रकार वार्ता में विपक्षी भाजपा पर जोरदार राजनीतिक हमले बोले। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा चाहे जितना



मर्जी जोर लगा ले, कांग्रेस सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने भाजपा को सुझाव दिया कि वह विपक्ष की सकारात्मक भूमिका निभाए और प्रदेश हित में कार्य करे, क्योंकि कांग्रेस सरकार उनसे गिरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा की धमकियों से डरने वाली नहीं है और सत्ता में दो साल का कार्यक्रम जोरशोर से मनाएगी। उप मुख्यमंत्री ने भाजपा को चेतावनी दी कि यदि

**विपक्ष को नसीहत**

▶▶ भाजपा को सुझाव दिया कि वह विपक्ष की सकारात्मक भूमिका निभाए और प्रदेश हित में कार्य करेः मुकेश

उसने सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार नहीं रोका तो सरकार भी उसके खिलाफ प्रदेशव्यापी पोल खोल अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भाजपा के प्रचार तंत्र से लडने में सक्षम है, क्योंकि कांग्रेस की जड़ें बहुत गहरी हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से भी भाजपा की बातों में न आने की अपील की और कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने का प्रयास कर रही है। अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा के सात सांसदों सहित सभी नेताओं ने दिल्ली में हिमाचल के हितों के खिलाफ लगातार मुहिम छेड़ रखी है। खासकर प्रदेश सरकार को आर्थिक मोर्चे पर अस्थिर करने के प्रयास हो रहे हैं और केंद्र से मिलने वाली हर संभव मदद को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मौजूदा सरकार ने जिस तरह से हिमाचल का पैसा रोका है, वैसा किसी भी सरकार ने आज तक नहीं किया।

## नोएडा आ रहे किसान नेता राकेश टिकैत को पुलिस ने अलीगढ़ के टप्पल में रोका



**टीम एक्शन इंडिया**
**गौतमबुद्ध नगरः** विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत किसानों की मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और तेज होता दिख रहा है। पूर्व घोषित महापंचायत में शामिल होने बुधवार को गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा के लिए निकले भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत को पुलिस ने अलीगढ़ जिले के टप्पल में ही रोक लिया गया। पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया है। किसान आंदोलन के मद्देनजर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। राकेश टिकैत ने मीडियाकर्मियों से कहा कि शाम तक सरकार ने यदि कोई हल नहीं निकाला तो यह आंदोलन और तेज होगा।

किसान आरपार की लड़ाई लड़ेगा। इसी बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें राकेश टिकैत भागते हुए दिख रहे हैं और उनके पीछे-पीछे पुलिस दौड़ती हुई दिख रही है। इस संबंध में पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि टप्पल में हिरासत में लिए जाने के बाद राकेश टिकैत चकमा देकर भाग गए थे, लेकिन उनको फिर हिरासत में ले लिया गया है।

# पीएम के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पूर्व सांसद व अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा

**चंडीगढ़/पानीपत**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 9 दिसंबर के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत पूर्व सांसद संजय भाटिया और उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय के सभागार में बुधवार को विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों और एलआईसी के अधिकारियों के साथ मंत्रणा की और व्यवस्थाओं के बारे में जायजा लिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी की महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता भी उपस्थित रही। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि कार्यक्रम में एंट्री के लिए विभिन्न अधिकृत पास जारी किए जाएंगे जिसके माध्यम से कार्यक्रम में एंट्री होगी। कार्यक्रम स्थल ओर 28 ब्लॉक बनाए गए हैं। मीडिया के



लिए मीडिया सेंटर और मीडिया गैलरी भी स्थापित की जा रही है। उन्होंने एलआईसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों से संबंधित होल्डिंग लगाना भी सुनिश्चित करें और मुख्यालय से आने वाले उच्च अधिकारियों की लिस्ट भी जिला प्रशासन को सौंप दें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन को बेहतर बनाने के लिए एचसीएस और डीएसपी स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है । इसके साथ-साथ विभिन्न ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए जाएंगे। बैठक के बाद पूर्व सांसद संजय भाटिया ने एडीसी डॉक्टर पंकज कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न विभाग का अध्यक्षों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, एडीसी डॉक्टर पंकज यादव,सीईओ जिला परिषद नरेंद्र पाल मलिक एसडीएम पानीपत ब्रह्म प्रकाश, एमडी शुगर मिल मनदीप कुमार,एसडीएम समालखा अमित कुमार सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी की महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने जिले की "सेल्फ हेल्प ग्रुप" महिलाओं की बैठक लेने के साथ-साथ भाजपा के प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकताओं की बैठक भी ली।

## प्रधानमंत्री का पानीपत आना गौरव की बात, तैयारियों में जुटी सरकार - श्रुति चौधरी

**चंडीगढ़: हरियाणा** की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को पानीपत से सखी योजना की शुरूआत करेंगे। इससे पहले भी प्रधानमंत्री मोदी पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत कर चुके हैं।

## पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री पर हुआ हमला दुर्भाग्यपूर्ण: अनिल विज

**चंडीगढ़: हरियाणा** के परिवहन मंत्री अनिल विज ने स्वर्ण मंदिर के सामने पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सरदार सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। इस घटना की जांच एजेंसियां कर रही है। जांच के बाद ही यह पता चल पाएगा कि हमले के पीछे की मंशा क्या रही है। मंत्री श्री विज ने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के बारे में कहा कि केंद्र सरकार किसान हितैषी है। किसानों के कल्याण के लिए सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। केंद्र सरकार किसानों की सभी मांगों को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि 10 महीने से किसान आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। मंत्री अनिल विज ने महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी है और आशा व्यक्त की है कि फडणवीस की अगुवाई में महाराष्ट्र तरक्की करेगा। मंत्री ने कहा कि छात्रों को बसों में असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इस बारे रोडवेज प्रबंधन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। बसों की स्थिति, उनकी फिटनेस, और अन्य विवरणों का विश्लेषण कर छात्रों के लिए नई बसों की खरीद का निर्णय लिया जाएगा। दिव्यांगजनों के लिए सभी बस स्टैंड पर व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि बस अड्डों की सफाई व्यवस्था समुचित होनी चाहिए। अगर बस अड्डों पर गंदगी मिली तो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करेंगे उद्घाटन

**चंडीगढ़**: अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान व जांजीबार के सांस्कृतिक मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 का आगाज 5 दिसंबर को करेंगे। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान, जांजीबार और ओडिसा के सांस्कृतिक मंत्री, ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में हरियाणा पवेलियन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति कार्य विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे और महापूजन व महाआरती में शिरकत करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि केरल के राज्यपाल, हरियाणा के राज्यपाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, स्वदेशी जागरण मंच के सतीश कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल कार्यक्रम स्थल पर 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे पहुंचेंगे और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों का आगाज 5 दिसंबर को हो जाएगा। इस महोत्सव में 5 से 11 दिसंबर तक पुरुषोत्तमपुरा बाग में रोजाना सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**रेल यात्रीः कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएगी:–

**05577/05578 सहरसा जं.–आनन्द विहार(टर्मि.)–सहरसा जं. विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 5 दिन) — 40 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05577 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05577 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05578 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05578 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 20:00 | सहरसा जं. | 10:30 | ---- |
| 20:20 | 20:22 | गढ़ बरुआरी | 09:45 | 09:47 |
| 20:45 | 20:47 | सुपौल | 09:30 | 09:32 |
| 21:15 | 21:45 | सरायगढ़ | 08:30 | 09:00 |
| 22:00 | 22:02 | निर्मली | 08:03 | 08:05 |
| 22:13 | 22:15 | घोघरडीहा | 06:45 | 06:47 |
| 22:35 | 22:37 | झंझारपुर | 06:25 | 06:27 |
| 23:00 | 23:02 | सकरी जं. | 06:00 | 06:02 |
| 23:35 | 00:05 | दरभंगा जं. | 04:50 | 05:20 |
| 00:45 | 00:47 | जनकपुर रोड | 03:15 | 03:17 |
| 01:30 | 01:35 | सीतामढ़ी | 02:40 | 02:45 |
| 02:10 | 02:12 | बैरगनिया | 02:00 | 02:02 |
| 03:15 | 03:20 | रक्सौल जं. | 01:10 | 01:15 |
| 04:20 | 04:30 | नरकटियागंज जं. | 00:10 | 00:20 |
| 05:00 | 05:02 | बगहा | 23:18 | 23:20 |
| 08:20 | 08:22 | कप्तानगंज जंक्शन | 20:45 | 20:47 |
| 09:40 | 09:50 | गोरखपुर जं. | 19:30 | 19:40 |
| 10:45 | 10:50 | बस्ती | 17:45 | 17:50 |
| 12:10 | 12:15 | गोंडा जंक्शन | 16:25 | 16:30 |
| 15:35 | 15:45 | सीतापुर जं. | 14:05 | 14:15 |
| 17:58 | 18:00 | शाहजहांपुर | 11:20 | 11:22 |
| 19:03 | 19:05 | बरेली | 10:10 | 10:12 |
| 21:15 | 21:25 | मुरादाबाद | 08:25 | 08:35 |
| 23:43 | 23:45 | गाजियाबाद | 05:48 | 05:50 |
| 00:30 | --- | आनंद विहार (टर्मि.) | --- | 05:15 |

**चलने के दिन : 05577 सहरसा जं.** से दिनांक 31.12.2024 तक (गुरूवार एवं शनिवार छोड़कर) और **05578 आनन्द विहार (टर्मि.) से** दिनांक 06.12.2024 से 02.01.2025 तक (शनिवार एवं सोमवार छोड़कर)।
**स्थान :** 3 टियर वाता.

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें
**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा–हमारा ध्येय 3733/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. 78/2024-2025** **दिनांक 04.12.2024**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242548 | कांस्टेंट कॉन्टैक्ट पॉल्यूरेथाने साइड बेयरर पैड असेंबली (3–रिंग्स) | 4547 सेट | 26.12.24 |
| 02 | 09242122A | बैक स्टॉप | 3120 नग | 27.12.24 |

**निविदा शर्तें–1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
3735/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | |
|---|---|
| एनआईटी | 105, 106, 107 - 2024-25-डब्ल्यू-4 |
| कार्य का नाम (स्थान के साथ) | **105** एडीईएन/जेएचआई अनुभाग में बरसात के मौसम के दौरान एलएचएस से जल निकासी । **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। **106** एडीईएन/जेएचएल, जेएचआई और आरओके अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए टंग रेल्स, एसईजे की रीकंडीशनिंग। **कार्य की समान प्रकृति** : प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत। **107** एडीईएन/जेएचएल, जेएचआई और आरओके अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए टंग रेल्स एसईजे की रीकंडीशनिंग। **कार्य की समान प्रकृति** : टंग रेल/सीएमएस क्रॉसिंग/एसईजे/रेल के व्हील बर्न की पुनः कंडिशनिंग। |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | (105) रुपये 5999989.22 (106) रुपये 9480173.05 (107) रुपये 7080746.52 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा 1) (नोटः– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नही किया जाएगा। (105) रुपये 120000.00 (106) रुपये 189600.00 (107) रुपये 141600.00 |
| काम की समाप्ति अवधि | (105) 10 महीने (106) 06 महीने (107) 12 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 27.12.2024 को 15.00 बजे तक तथा 27.12.2024 को 15.00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

**No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/105, 106, 107**
**Date : 04.12.2024** **3730/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 26.12.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में बाथरूम, रसोईघर, खराब हो चुके फर्श, लकड़ी की अलमारियों, जलापूर्ति, जल निकासी और अन्य विविध कार्यों की मरम्मत और रखरखाव तथा मोती बाग और सैन मार्टिन में खाली बंगलों की मरम्मत और अन्य सम्बंधित कार्य हेतु। | रुपये 23538970.83 | रुपये 267700.00 | 08 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में अत्यधिक सघन क्षेत्र में अतिक्रमण को रोकने के लिए चारदीवारी का निर्माण के कार्य हेतु। | रुपये 9394612.73 | रुपये 187900.00 | 06 महीने |
| सी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में रेल भवन में अग्नि पंपों और भूमिगत जल टैंक की व्यवस्था सहित वेट राइजर और स्प्रिंकलर प्रणाली उपलब्ध कराना। | रुपये 17109648.70 | रुपये 235600.00 | 12 महीने |
| डी | सहायक मंडल अभियंता/हॉर्टिकल्चर/नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/हॉर्टिकल्चर/सरदार पटेल मार्ग के कार्य क्षेत्र में रेल इको पार्क के वार्षिक रखरखाव के कार्य हेतु। | रुपये 7999921.56 | रुपये 160000.00 | 24 महीने |

1. उपरोक्त निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
पत्र संख्याः– 128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/24–25/डब्लयू–ई/टेंडर नं 19–ए,बी,सी,डी, दिनांक : 02.12.2024 3729/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**
**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)**

**विषयः 23 अदद 'मल्टी परपज़ टैम्पर (एमपीटी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 24.01.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–1A**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **23 अदद 'मल्टी परपज़ टैम्पर (एमपीटी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ,** के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** देखें।

**निदेशक, रेल मण्डार (एफ), रेलवे बोर्ड**
**सं.: 2024/आरएस(ई)/टीएम/1 दिनांक 18.11.2024** **3725/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवम उर्फ पिन्नाक** निवासी मकान नं. 22, बी–2, यार्ड रघुबीर नगर, ख्याला, दिल्ली ने केस प्रथम सूचना रिपोर्ट 023120/2023 धारा 397/411 थाना कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शिवम उर्फ पिन्नाक** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शिवम उर्फ पिन्नाक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट 023120/2023 धारा 397/411 थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शिवम उर्फ पिन्नाक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **12.02.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री अपूर्व भारद्वाज,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (उत्तर–पश्चिम),**
**कमरा नं. 113, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/15959/RD/2024

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **हरीश उर्फ छोटू पुत्रः** स्व0 सूरज भान, **पताः** वाल्मीकि मोहल्ला मेन बस स्टैण्ड वीपीओ ढांसा, नई दिल्ली ने **FIR No. 109/2023, U/s 380/451/411 IPC,** थानाः जे.पी. कलॉन, जिला द्वारका, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरीश उर्फ छोटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरीश उर्फ छोटू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 109/2023, U/s 380/451/411 IPC,** थानाः जे.पी. कलॉन, जिला द्वारका, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **हरीश उर्फ छोटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अभिनव अहलावत**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–09**
**जिला दक्षिण पश्चिम कोर्ट नं. 314,**
**जिला द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/15812/DW/2024**
**(Court Matter)**

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं0:** 12320242025 **दिनांकः** 02.12.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 24.12.2024 को 13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.:** 253 | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 8,63,83,741.17 |
| **कार्यों का विवरणः** वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/प्रथम/प्रयागराज के अधीन दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज सेक्शन में पीक्यूआरएस के द्वारा थ्रू स्लीपर रिनीवल/प्राइमरी कार्य। | |
| **बयाने की रकम (रू) :** ₹ 5,81,900.00 | **कार्य समापन की अवधि :** 12 माह |
| **निविदा खुलने की तिथि : 24.12.2024** | |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** कोई भी पी. वे कार्य। | |

**नोट :-** (1) आनलाइन निविदा खुलने की तिथि को **13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। (2) उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 13:30 बजे** तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलबध है। **2076/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 47–अम्बाला/2024–25 दिनांक 04.12.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/सीडीजी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/1/सीडीजी के अनुभाग में सीडीजी में पंप संख्या 5 और 6 के स्थान पर गहरे ट्यूबवेल प्रदान करके जल आपूर्ति में सुधार और जंग लगे एमएस टैंक नंबर 4 के बदले में ओएच भंडारण टैंक और क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलना और नए बोर होल को नए आरसीसी ओएच टैंक और पुराने आरसीसी ओएच टैंक के साथ जोड़ना। | 2,20,11,014 | 2,60,100 | 08 महीने | 26.12.2024 |
| 2 | सहायक मंडल अभियंता/आरपीजे के तहत यूएमबी–एलडीएच खंड पर पुल संख्या 322–ए की वापसी दीवारों को मजबूत करना और पुल संख्या 385 के खंभो की जैकेटिंग। | 59,53,491 | 1,19,100 | 06 महीने | 26.12.2024 |

**नोट :– 1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।
**3734/24**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया–पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :–

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

**क्लासीफाइड**

**टूर एण्ड ट्रैवल्स**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

**खोया-पाया**

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

**खोया-पाया**


मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

हरियाणा सरकार

KURUKSHETRA DEVELOPMENT BOARD
कुरुक्षेत्र विकास मंडल

भागीदार प्रदेश
ओडिशा

भागीदार देश
संयुक्त गणराज्य तंजानिया



# अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024

**28 नवम्बर – 15 दिसम्बर**
**कुरुक्षेत्र, हरियाणा**

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥
भगवद्गीता 18.66

सम्पूर्ण कर्तव्य कर्मों का आश्रय छोड़कर तू केवल मेरी शरण में आ जा।
मैं तुझे सभी पापों से मुक्त कर दूंगा, शोक मत कर।

Abandoning all duties, come to Me alone for shelter.
Be not grieved, for I shall release you from all evils.

## अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव

### उद्घाटन

5 दिसम्बर, 2024

**श्री बंडारू दत्तात्रेय**
राज्यपाल, हरियाणा

**ले.ज. गुरमीत सिंह (रिटा.)**
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**श्री आरिफ मोहम्मद खान**
राज्यपाल, केरल

**सुश्री ताबिया**
सूचना, युवा एवं संस्कृति मंत्री, ज़ंज़ीबार
तथा

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा
के कर-कमलों द्वारा

**मुख्य कार्यक्रम**

- प्रातः 09:00 — गीता यज्ञ एवं गीता पूजन (ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र)
- प्रातः 11:15 — हरियाणा, भागीदार प्रदेश ओडिशा एवं सहभागी देश तंजानिया के पैवेलियन का शुभारम्भ
- अपराह्न 12:30 — अन्तर्राष्ट्रीय गीता महासम्मेलन
- सायं 05:00 — भजन संध्या एवं महाआरती
- सायं 06:00 — सांस्कृतिक संध्या



“सभी देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं।
श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती आई है।
अध्यात्म और जीवन-दर्शन से जुड़ा यह महान ग्रंथ हर युग
में पथ प्रदर्शक बना रहेगा।”

**- नरेन्द्र मोदी**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए
क्यू आर कोड स्कैन करें

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की
जानकारी के लिए
क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipricharyana

# पीएम ने किसान हित में उठाए मजबूत कदम: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हित में व्यापक काम किए हैं। किसानों को योजनाओं का लाभ मिला है। बीती रात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से नई दिल्ली तक शताब्दी ट्रेन में सफर के उपरांत नई दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण में केवल अनेक योजनाओं को लागू किया है, उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6000 रुपये वार्षिक मदद दी जा रही है। इससे किसानों को बीज, खाद खरीदने में मदद मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने पहले यह दुष्प्रचार किया कि फसलों पर एमएसपी बंद हो जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फसलों की एमएसपी को बढ़ाने का काम किया है। कांग्रेस के राज में किसानों को फसलों की जो एमएसपी दी जा रही थी, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में डेढ़ गुना ज्यादा कर दी गई है। इसके साथ-साथ आज प्रदेश सरकार न केवल किसानों को एमएसपी का भाव दे रही है बल्कि फसल का एक-एक दाना भी खरीद रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान की फसल के खराब होने पर कांग्रेस के राज में कोई सुनवाई नहीं थी। किसानों को मुआवजे के रूप में महज 5 से 10 रुपये मिलते थे। अब हमारी सरकार में किसानों को फसलों के खराब होने पर पूरा मुआवजा दिया जाता है। सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले जितनी भूमि पर फसल होती थी, अब प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत डेढ़ गुना भूमि में अब ज्यादा सिंचाई की जा रही है। ज्यादा क्षेत्रफल तक सिंचाई की सुविधा देने से किसान की पैदावार बढ़ाने का काम भाजपा सरकार ने किया है।प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद धान, गेहूं व अन्य फसलों का क्षेत्रफल बढ़ा है। इसके साथ-साथ फसलों की पैदावार और किसानों की आमदनी भी बढ़ी है।



## लोहगढ़ परियोजना विकास समिति का किया गठन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर जिले के लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक केंद्र के कार्य की प्रगति की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय लोहगढ़ परियोजना विकास समिति के गठन को स्वीकृति प्रदान की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मामले मंत्री मनोहर लाल समिति के मुख्य संरक्षक होंगे जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसके अध्यक्ष होंगे।

## निर्माण सामग्री में गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं: निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि सड़कों एवं भवनों के निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण सामग्री में गुणवत्ता के किसी प्रकार की कोई कमी पाए जाने पर न केवल निर्माण एजेंसी के खिलाफ बल्कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गंगवा ने यह बात बुधवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार हमें जनादेश मिला है। पहले भी कार्यों में पारदर्शिता रही है और आगे भी पारदर्शिता से कार्य किया जाएगा। पारदर्शिता और निष्पक्षता से कार्य करने का ही परिणाम है कि हरियाणा में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि मंत्री पद संभालने के बाद उन्होंने प्रदेश में सड़कों के नए प्रोजेक्टों और सड़कों की मरम्मत को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से विस्तृत चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री जी ने हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया है। जल्द ही विभिन्न प्रोजेक्टो की रिपोर्ट तैयार कर उनसे अनुमति लेकर काम किया जाएगा।

**अधिकारियों से मांगी सड़कों के सम्बन्ध में विस्तृत रिपोर्ट**

लोक निर्माण मंत्री गंगवा ने पत्रकारों को बताया कि अधिकारियों से प्रदेशभर की उन सभी सड़कों की रिपोर्ट मांगी है, जिनका पुनर्निर्माण होना है या नए सिरे से बनाई जानी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों में निर्माण सामग्री में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अफसरों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए योजना बनाकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिसार में रिंग रोड बनाया जाएगा जिससे आम जन को लाभ मिलेगा। अन्य स्थानों पर भी यातायात को सुगम बनाने के लिए योजना बनाकर काम किया जाएगा।

**किसानों के हित में काम कर रही सरकार**

लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है। हरियाणा में किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है और किसानों को राशि का भुगतान 72 घंटे के भीतर सीधा उनके खातों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले नौ सीजन में किसानों को उनकी फसल का 01 लाख 26 हजार करोड़ रुपए का सीधे खातों ने भुगतान किया गया है। हरियाणा सरकार किसानों के हित में लगातार अच्छे निर्णय ले रही है।

## न्यूज फ्लैश

### गीता स्थली ज्योतिसर में 5 से 11 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव** के ऐतिहासिक पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने और सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा हिन्दू संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर अनेक प्रकार के यज्ञ व भगवान राम व कृष्ण की कथाओं के आयोजन किए जाते हैं। इसी कड़ी में गीता जयंती समारोह के अवसर पर कल 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कुरुक्षेत्र में स्थित भगवान दत्तात्रेय मन्दिर की कथावाचक साध्वी मोक्षिता ने श्रीमद् भागवत कथा के बारे पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ऐसे ऐतिहासिक एवं पवित्र स्थल पर होने जा रही है, जहां पर भगवान कृष्ण ने अपने शिष्य अर्जुन को गीता के उपदेश के माध्यम से मोक्ष प्राप्ति एवं मुक्ति का मार्ग दिखाया था। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सार हमें शिक्षा देता है कि हर व्यक्ति के अन्दर प्रेमभाव, त्याग की भावना, ज्ञान व वैराग्य उत्पन्न हों और प्रत्येक मनुष्य मानव धर्म का पालन कर अपने जीवन को सुन्दर बनाए। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर महाभारत के युद्ध के बीच एक ऐसा शान्ति का संदेश दिया जो आज गीता उपदेश के नाम से पूरे विश्व को प्रकाशमय कर रहा है। पवित्र ग्रंथ गीता में जीवन जीने का सार वर्णित किया गया है, जो समूचे मानव समुदाय को ज्ञान की राह दिखाता है।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करेंगे उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केरल के राज्यपाल हरीफ मोहम्मद खान व जांजीबार के सांस्कृतिक मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 का आगाज 5 दिसंबर को करेंगे। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केरल के राज्यपाल हरीफ मोहम्मद खान, जांजीबार और ओडिसा के सांस्कृतिक मंत्री, ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में हरियाणा पवेलियन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति कार्य विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे और महापूजन व महाआरती में शिरकत करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि केरल के राज्यपाल, हरियाणा के राज्यपाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, स्वदेशी जागरण मंच के सतीश कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल कार्यक्रम स्थल पर 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे पहुंचेंगे और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों का आगाज 5 दिसंबर को हो जाएगा।

### जींद: हिंदुओं को दो से अधिक बच्चे पैदा करने चाहिए : टेकराम कंडेला

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने बुधवार को मंच सदस्यों के साथ बैठक कर सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। कंडेला ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान की सराहना की। उन्होंने कहा है कि हिंदू समाज में दो से अधिक बच्चे पैदा करने चाहिए, ताकि आने वाले समय में हिंदू समाज की जनसंख्या कम ना हो। हिंदू समाज के लोगों को इस पर गौर करना चाहिए। आज का समाज एक बच्चे पर निर्भर हो गया है। अगर परिवार में उस बच्चे पर कोई दुर्घटना हो जाती है, जिससे परिवार सदमें में चला जाता है और आने वाली पीढ़ी खत्म हो जाती है। जिससे परिवार धन की हानि सहन कर सकता है लेकिन औलाद की हानि नही। कंडेला ने कहा कि हमें शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। शिक्षा से ही मनुष्य पूरे समाज को समझ पाता है। लंबे समय से लव मैरिज व लिव इन रिलेशनशिप को समाप्त करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## दलित, पिछड़े बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है बीजेपी सरकार: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: बीजेपी** सरकार दलित, पिछड़े वर्ग, गरीब व किसान वर्ग के बच्चों को हर एक सुविधा और शिक्षा से वंचित करना चाहती है। इसलिए नए स्कूल बनाना तो दूर, बीजेपी सरकार पहले से स्थापित स्कूलों में बिजली, पानी, शौचालय और बैठने के लिए बेंच तक मुहैया नहीं करवा रही है। यही वजह है कि अभिभावकों का सरकारी स्कूलों से भरोसा उठता जा रहा है और सरकार शिक्षा तंत्र को धीरे-धीरे प्लानिंग के तहत निजी हाथों में सौंप रही है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का।

हुड्डा ने सरकारी स्कूलों की हालत पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश के शिक्षा तंत्र की सच्चाई सबके सामने आ चुकी है। स्कूलों की खस्ता हालत से नाराज हाई कोर्ट ने पिछले दिनों बीजेपी-जेजेपी सरकार पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। यह किसी भी सरकार के लिए शर्मसार करने वाला झटका था। लेकिन ऐसा लगता है कि इस झटके के बाद भी बीजेपी सत्ता के नशे में मदमस्त सो रही है और वो हरियाणा के शिक्षा तंत्र को नीतिगत तरीके से बर्बाद कर रही है। खुद शिक्षा मंत्री ने भी माना है कि स्कूलों में टीचर्स की भारी कमी है और ड्रॉ आउट रेट बहुत ज्यादा है।

## सुखबीर बादल पर हमला आप सरकार की नाकामी: अभय

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: इनेलो** के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं अकाली दल के नेता सरदार सुखबीर सिंह बादल पर स्वर्ण मंदिर में हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामी बताई। सरदार सुखबीर सिंह बादल पर जानलेवा हमला उनकी सुरक्षा में चूक होना मात्र नहीं है बल्कि इस जानलेवा हमले के पीछे बहुत बड़ी साजिश की बू आ रही है। अगर पंजाब में एक पूर्व उपमुख्यमंत्री सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी। उन्होंने



कहा कि स्वर्ण मंदिर में सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में एक व्यक्ति जिस पर गंभीर अपराधों के कई मुकदमें चल रहे हैं अगर वह इतने पवित्र स्थान पर हथियार लेकर पहुंच जाता है और किसी को भी इसकी भनक तक नहीं लगी तो यह अपने आप में बेहद गंभीर मामला है। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंजाब में कानून व्यवस्था का पूरी तरह से दिवालिया पिट चुका है। स्वर्ण मंदिर परिसर में यह हमला सुखबीर बादल पर हमला नहीं बल्कि लोगों की आस्था पर भी हमला है। जब से आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में आई है तब से हर तरह के अपराधों में बेतहाशा बढ़ोत्री हुई है और आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से फेल सबित हुई है।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि सरदार सुखबीर सिंह बादल समेत उनके पूरे परिवार की सुरक्षा को बढाया जाए। साथ ही पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए ताकि इस हमले के पीछे कौन साजिश कर्ता हैं उनका पता लगाया जा सके और दोषियों को कड़ी सजा दिलवाई जा सके।

## शिल्प कला और कलाकारी ने महोत्सव की फिजा में भरा इंद्रधनुष का रंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: अंतर्राष्ट्रीय गीता** महोत्सव में 15 दिसंबर 2024 तक चलने वाले सरस और क्राफ्ट मेले में आने वाले पर्यटकों को इस बार अनोखी शिल्पकला देखने को मिल रही है और यहां पर आने वाले सभी पर्यटक इन सभी शिल्पकारों की शिल्पकला से निर्मित वस्तुओं की जमकर खरीदारी कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर का तट शिल्पकारों की शिल्पकला से सज चुका है और इस शिल्पकला को देखने वाले दूसरे प्रदेशों के पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी इन शिल्पकला को देखकर हैरान हो रहे है। इस महोत्सव में शिल्पकारों की अविश्वसनीय शिल्पकला और हाथ की कारीगरी ने ब्रह्मसरोवर के तट पर लगने वाले सरस और क्राफ्ट मेले की फिजा में इंद्रधनुष के सातों रंगों को एक सूत्र में पिरो कर भरने का काम किया है, जिससे यहां पर आने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस महोत्सव की जमकर प्रशंसा कर रहे है। कुरुक्षेत्र-धर्मक्षेत्र की पावन धरा पर आने वाला प्रत्येक पर्यटक इस महोत्सव का भरपूर आनंद ले रहा है। इस महोत्सव में जहां एक ओर शिल्पकार अपनी शिल्पकला से महोत्सव में चार चांद लगा रहे है, वहीं दूसरी ओर ब्रह्मसरोवर के तट पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए एनजेडसीसी की तरफ से बहरूपिए लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए है और सभी स्थानीय और दूर-दराज से आने वाले पर्यटक इन बहरूपियों के साथ सेल्फी लेकर इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का लुफ्त उठा रहे है।

## स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर लोगों ने लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** जींद-असंध मार्ग पर हसनपुर गांव के मुख्य बस स्टैंड पर बुधवार को एक ट्रक तथा कार की टक्कर में कार सवार चार महिलाओं समेत सात लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि पुलिस द्वारा दो से तीन लोगों को मामूली चोटें लगी होने की बात कही जा रही है। जैसे ही बुधवार को ग्रामीणों ने गांव के मु,य बस स्टैंड पर ट्रक व कार की टक्कर होने का पता लगा तो ग्रामीणों ने मु य बस स्टैंड पर आए दिन हो रहे हादसों के विरोध स्वरूप गांव के मुख्य बस स्टैंड अवरोधक डाल कर जाम लगा दिया।

## विकसित भारत युवा नेता संवाद: विकसित भारत क्विज चैलेंज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत कार्यक्रम के तहत 11 व 12 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले विकसित भारत युवा संवाद के तहत युवाओं को सम्बोधित करेंगे।नेहरू युवा केंद्र संगठन हरियाणा के राज्य निदेशक गुरमेल सिंह बाजवा ने आज यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 15 से 29 वर्ष की आयु के लोगों के लिए एक ऑनलाइन क्विज "विकसित भारत क्विज चैलेंज" कल तक खुलेगा रहेगा। क्विज में भाग लेने के लिए / या / लॉग इन किया जा सकता है। क्विज में दस प्रश्न हैं जिनका उत्तर पाँच मिनट के भीतर देना होगा। उन्होंने बताया कि क्विज अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु 12 भाषाओं में उपलब्ध है।

चर्चा के लिए चार चरणों वाली चयन प्रक्रिया में यह प्रश्नोत्तरी पहला कदम है। इसके बाद 8-15 दिसंबर को 1000 शब्दों की निबंध प्रतियोगिता होगी। अंतिम चरण राज्य स्तरीय प्रस्तुतियाँ होंगी, जो 20 से 26 दिसंबर के बीच होंगी। अंतिम चरण में, प्रतिभागियों को 11-12 जनवरी को प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी प्रस्तुतियाँ देनी होंगी। प्रतिभागियों को भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाण पत्र मिलेगा, और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले को 75 हजार रुपये मिलेंगे तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले को 50 हजार रुपये मिलेंगे, और उसके बाद के शीर्ष 100 प्रतिभागियों को 2 हजार रुपये मिलेंगे।अगले शीर्ष 200 प्रतिभागियों में से प्रत्येक को 1000 रुपये मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि युवा शक्ति विकसित भारत को गति देने में एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य कर रही है।

युवाओं के विचार और सुझाव एक बेहतर कल को आकार देने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे #में भाग लें और अपने अभिनव विचारों का योगदान दें।

**विचार**

**युवाओं के विचार और सुझाव एक बेहतर कल को आकार देने में मदद कर सकते हैं**

## प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए विस अध्यक्ष ने संस्थान का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: : हरियाणा** की 15वीं विधान सभा के विधायकों के प्रशिक्षण की आगामी योजना के लिए विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बुधवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान के महानिदेशक अनिरुद्ध तिवारी (आईएएस) से चर्चा की और



कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में बातचीत की। महानिदेशक ने विस अध्यक्ष को ऑडिटोरियम और कॉन्फ्रेंस हॉल दिखाया और प्रशिक्षण संबंधी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। दो दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनवरी माह में आयोजित किया जा सकता है। इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहेंगे।

**प्रधान महालेखाकार ने की विस अध्यक्ष से मुलाकात**

प्रधान महालेखाकार शैलेंद्र विक्रम सिंह ने बुधवार को हरियाणा विधान सभा पहुंच विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समितियों की कार्यप्रणाली समेत अनेक विषयों पर बातचीत की। प्रधान महालेखाकार ने इस संबंध में विस अध्यक्ष को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान समितियों को प्रभावी बनाने व लोकहित के कार्य पूरे करने पर चर्चा हुई।

## किसानों को दिल्ली कूच की इजाजत फिलहाल मुश्किल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पानीपत दौरा और किसानों के दिल्ली कूच की स्थितियां एक साथ आ रही हैं। किसानो को पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर से अगर 6 दिसंबर को दिल्ली कूच की अनुमति दी जाती है तो वे 9दिसंबर को पानीपत ही पहुंच पाएंगे।इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत आयेंगे। ऐसे में प्रधानमंत्री की सुरक्षा का सवाल खड़ा होगा।

इस वजह से हरियाणा सरकार कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी। सीएम नायब सैनी खुद पूरे मामले को देख रहे हैं। संभावना है कि हरियाणा सरकार 6 दिसंबर को किसानों के पैदल भी दिल्ली कूच को अनुमति न दे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और ऊर्जा मंत्री अनिल विज समेत हरियाणा के कई मंत्रियों ने साफ संकेत दिए हैं कि राज्य सरकार किसानों को हरियाणा से गुजरने देने के पक्ष में नहीं है।दिल्ली पुलिस भी संसद सत्र की वजह से अभी किसानों को अनुमति नहीं दे रही। किसान जंतर-मंतर या रामलीला मैदान पर धरना देना चाहते हैं। एम एस पी की गारंटी कानून समेत 5 मांगों को लेकर किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) की अगुआई में किसान 10 महीने से अधिक समय से पंजाब-हरियाणा के 2 बॉर्डर पर बैठे हैं। दोनों जगहों पर हरियाणा पुलिस की भारी बैरिकेडिंग की गई है। जिससे किसानों को दोनों सीमाओं से हरियाणा में प्रवेश करने से रोका गया है। किसान पंजाब की तरफ डेरा डाले हुए हैं। ये वही 2 जगहें हैं, जहां से किसान 6 दिसंबर को दिल्ली पहुंचने के लिए हरियाणा में प्रवेश की मांग कर रहे हैं। किसानों ने दिल्ली कूच के लिए पैदल मार्च का समय भी तय कर लिया है।

## लुप्त हो रही संस्कृति को भी संरक्षित कर रहा है गीता महोत्सव

### सेल्फी लेने का युवाओं में बढ़ा क्रेज, ढेरु गाथा ग्रुप के कलाकार जमा रहे है ब्रह्मसरोवर पर रंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की लोक कला और संस्कृति की लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी कई विधाओं को संरक्षित करने का काम अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कर रहा है। इस महोत्सव में ढेरु गायन गाथा, बाजीगर कला और कच्ची घोड़ी जैसी लोक कलाओं को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर देखा जा रहा है। इस महोत्सव से न केवल लोक संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास सरकार की तरफ से किया जा रहा है बल्कि लोक कलाकारों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाएं जा रहे है। अहम पहलू



यह है कि ब्रह्मसरोवर के तट पर ढेरु गाथा गायन ग्रुप के कलाकार हरियाणवी संस्कृति का रंग जमा रहे है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला, हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा कला परिषद और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के साथ-साथ राज्य सरकार की तरफ से हरियाणा ही नहीं विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति को संरक्षित करने और कलाकारों को एक मंच मुहैया करवाने का काम अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के जरिए किया जा रहा है। इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों की लोक कला को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। लोक कलाकार ने बातचीत के दौरान इस बात का खुलासा किया कि हरियाणा प्रदेश में कुछ ही कलाकार बचे है जो बीन, तुंबा, ढोलक, खंजरी बजा कर जोगी नाथ बीन सपेरा परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि उनके ग्रुप में उनके अन्य साथी कलाकार भी उनके साथ इस कला को जीवित रखने का काम कर रहे है। सभी कलाकार पारम्पकि वेशभूषा से सुसज्जित होकर बीन, तुम्बा, ढोलक, खंजरी बजाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे है। यह महोत्सव लोक कलाकारों का एक बड़ा मंच बन चुका है। राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार के कलाकारों को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे मंच उपलब्ध करवाने का काम लगातार किया जा रहा है। महोत्सव के शिल्प और सरस मेले के सातवें दिन हरियाणा के विभिन्न गांवों के लोक कलाकारों ने ब्रह्मसरोवर के उत्तरी तट पर ढेरु गाथा गायन की प्रस्तुति देकर पर्यटकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इन लोक कलाकारों ने ढेरु गाथा गायन के जरिए गुरु गोरख नाथ जी की गाथा, जाहवीर गूगा पीर की गाथाओं का गुणगान किया।

# साइबर जागरूकता अभियान के तहत टास्क या इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से बचाव के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । महेंद्रगढ़ पुलिस** ने पार्ट टाइम जॉब में पैसे कमाने के नाम पर यदि आपसे कोई इन्वेस्टमेंट करने की बात कहे तो सावधान हो जाएं। साइबर जागरूकता अभियान के तहत महेंद्रगढ़ पुलिस की विभिन्न टीमों ने सार्वजनिक स्थान पर टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के बारे में युवाओं, आमजन को जागरूक किया। इस प्रकार की साइबर ठगी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी प्रदान की गई। टीम ने माधोगढ़, राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में जागरूकता अभियान चलाया।



इस दौरान पुलिस ने साइबर फ्रॉड की प्रक्रिया के बारे में बताया कि साइबर अपराधी किस प्रकार आपको साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। पुलिस ने बताया कि वाट्सएप/टेलीग्राम पर विदेशी या स्वदेशी नम्बरों से आए पार्ट टाइम जॉब देने के नाम से मैसेज से सावधान रहें। पार्ट टाइम जॉब के नाम पर टास्क कंप्लीट करने के लिए कहने वाले ठगों से बचें। ठग आपको टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजकर उस ग्रुप मे एड करते हैं, ग्रुप के माध्यम से आपको टास्क दिए जाते हैं। टीम ने बताया कि इसके बाद आपको कुछ पैसे प्राप्त होते है। फिर आपके पास उसी ग्रुप के एडमिन द्वारा मैसेज आता है कि यदि आप अपने पैसों को ओर भी ज्यादा बढाना चाहते है तो आप ओर पैसे इन्वेस्ट करें व इस ग्रुप मे कुछ लोग फर्जी मैसेज भी करते हैं कि मैने इसके माध्यम से बहुत सारे पैसे कमा लिए हैं, जिससे व्यक्ति को लालच आ जाता है और इसमें ओर पैसे इन्वेस्ट करने शुरू कर देता है। उसके बाद जैसेझ्जैसे आप पैसे डालते जाते हैं तो आपको वो एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाते है, जहां आपको आपके पैसे एक वर्चुअल खाते मे दिखाई तो देते हैं, पर आप जब उन्हें निकालने की कोशिश करते हैं तो आपको बोला जाता है कि दूसरे राउंड मे पैसे लगाने के बाद ही अपने पहले वाले पैसे निकाल सकते हैं, दूसरे के बाद तीसरा और तीसरे के बाद चौथा राउंड। इस तरह आपके पैसे फंस जाते हैं व आप टास्क फ्राड का शिकार हो जाते हैं।

**टास्क फ्रॉड/इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से बचाव के तरीके**

आपको किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नम्बर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो आपको अच्छी तरह जांच पडताल करनी चाहिए। यदि आपको थोडा भी शक हो तो उसे आपको अनदेखा कर डिलीट कर देना चाहिए।

# गाड़ी का शीशा तोड़कर हजारी की नकदी व लाखों के आभूषण उड़ाए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: जी टी रोड** स्थित उत्सव ढाबे पर रात को चाय-पानी के लिए रूके दम्पति की गाड़ी का शीशा तोड़कर चोर हजारों रुपएं की नकदी व लाखों रुपएं के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत गाड़ी मालिक ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर चोर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस जांच के बाद सामने आया कि गाड़ी का शीशा तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी करने वाला युवक सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस को दी शिकयत में गाजीयाबाद निवासी शैलेन्द्र जैन ने बताया कि 3 दिसंबर को अपनी पत्नी प्रवीना



जैन व उनकी दोस्त शैवागी रस्तोगी, समीक्षा जैन गाजियाबाद से चंडीगढ़ जा रहे थे। काले रंग की सफारी गाड़ी को लेकर जी टी रोड गन्नौर के पास उत्सव ढाबे पर रूक गए। रात को करीब 3 बजकर 29 मिनट पर उनकी गाड़ी का पीछे वाला शीशा टूटा हुआ मिला। शिकायत में बताया कि शीशा तोड़कर चोर गाड़ी के अन्दर से दो बैग, छोटा पर्स चोरी कर ले गया। बैग के अन्दर 2 डायमंड की अंगुठी, 60 हजार रुपएं का डायमंड स्टड, पैन कार्ड, आधार कार्ड व अन्य कागजात थे। शिकायत के बाद पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरी की मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस फूटेज के आधार पर चोर की तलाश में लगी है।

## न्यूज फ्लैश

### बजाना कला कम्प्यूटर लैंब का लोहे के दरवाजे का ताला तोड़कर 18 लिथियम बैटरी चोरी

**गन्नौर। राजकीय उच्च विद्यालय** बजाना कला कम्प्यूटर लैंब का लोहे के दरवाजे का ताला तोड़कर 18 लिथियम बैटरी चोरी हो गई। चोरी की शिकायत स्कूल के मुख्याध्यापक गांव चिटाना निवासी जयपाल ने गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में मुख्यध्यापक ने बताया कि गत 2 दिसंबर की रात को चोर बरामदे में रखे जनरेटर सैट से एक बैटरी चोरी के साथ प्राईमरी विंग के मुख्य कक्ष का ताला तोड़कर चाबियां चुराकर एजुसेंट रूम का लोहे का दरवाजा व लकड़ी के गेट का ताला तोड़कर 10 बड़ी सोलर बैटरी चोरी कर ले गए। एजुसेट रूम की एक खिड़की की जाली तोड़कर खिड़की भी तोड़ दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### रास्ता रोककर सिर में लठ मारकर दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**गन्नौर। गांव शाहपुर तगा** में रास्ता रोककर सिर में लठ मारकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव शाहपुर तगा के टुमेश्वर ने बताया कि 1 दिसंबर को अपने चाचा सुधीर कुमार के साथ उनके घर के दरवाजे पर खड़ा होकर बाते कर रहा था तो उसी समय पर हमारे सामने वाले घर से गांव का ही आजाद जो स्टटेबाजी का काम करता है। उसकी हमारे साथ कोई रंजिश नही है। किसी भी व्यक्ति ने उसको कुछ नही बोला यह देखकर हम अपने घर के अन्दर जाने लगे तो आजाद ने मेरा रास्ता रोककर अपने हाथ मे लिया और लाठी सिर में मारकर जान से मारने की धमकी दी। सूचना के बाद पहुंचे परिजन उपचार के लिए खानपुर मेडीकल में लेकर गए। उपचार के बाद पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### वरपक्ष ने शादी में एक रुपया, नारियल लेकर अनूठी मिसाल की पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। शहर के उत्सव वाटिका** में जगराम दास कॉलोनी निवासी प्रशांत पुत्र कुलदीप कुमार का विवाह गांव मारोली निवासी नेहा पुत्री संदेश कुमार के साथ संपन्न हुआ। विवाह में कन्या पक्ष से शगुन के तौर पर मात्रा एक रुपया व नारियल लेकर बिना दहेज शादी करके दहेज प्रथा के खिलाफ अनूठी मिसाल कायम की है। प्रशांत ने बी-फार्मा की पढ़ाई की हुई है, वहीं वधु नेहा ने बीएससी तक पढ़ाई की है। प्रशांत के पिता कुलदीप कुमार शिक्षक है तथा माता प्रमिला राज्यपाल द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार से अवार्डी हैं। शादी में वर पक्ष से रिटायर्ड सीनियर इंस्पेक्टर रामफूल यादव बवाना, घीसाराम सैनी, एचडीएफसी मैनेजर अमित यादव, मामचंद, रमेश कुमार, विकास, योगेश कुमार, संदीप, प्रवीण कुमार, मास्टर विजय सिंह, सूर्य प्रकाश कौशिक, वहीं कन्या पक्ष से पिता संदेश कुमार, ताऊ अमीलाल, अशोक कुमार नंबरदार, भाई कृष्ण, मुकेश कुमार व राजकुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### ईसीएचएस पानिक्लिनिक पानीपत सर्वर हुआ खराब

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) ईसीएसएच** पानीपत का सर्वर विगत 3 दिसंबर दोपहर से अचानक खराब है। पूर्व फौजियों की चिकित्सा सेवाएँ बाधित हो गई हैं। इंचार्ज पालिक्लिनिक कर्नल मुकेश हुड्डा (सेवानिवृत) ने बताया कि मेन्टेनेंस कंपनी की कोशिश के उपरान्त तकनीशियनों को भी सर्वर को ठीक नहीं किया जा सका इसलिए मरम्मत के लिए कंपनी के लैब में गुडगांव ले जाया गया है और ठीक होने के बाद है सी एच एस सेवाएं 7 दिसंबर से पुनः शुरू होने होने भी संभावना बताई गई हैं। उन्होंने कहा कि सेवा लाभार्थी आने से पहले पालिक्लिनिक के नबर 0180-2954796 से चैक कर लें ताकि दिक्कत से बचा जा सके।

# सीआईए ने 214 पेटी अवैध शराब बरामद कर की जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। एसपी पूजा** वशिष्ठ के दिशाझ्रनिदेर्शा में काम कर रही सीआईए पुलिस टीम ने सतनाली क्षेत्र में गोपालवास कच्चे रास्ते से गुप्त सूचना के आधार पर रेड कर पिकअप गाड़ी से 214 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपित जयबीर वासी सुरेहती जाखल को गिरफ्तार किया है। आरोपित को बुधवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी के दिशाझ्रनिदेर्शामें जिला पुलिस द्वारा जिले में अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार बताया



कि सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम गस्त के दौरान सतनाली कादमा रोड नावा टी प्वाईंट पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि जयबीर वासी सुरेहती जाखल अपनी पिकअप गाड़ी में अवैध शराब भरकर गोपालवास कच्चे रास्ते की तरफ जा रहा है। अगर तुरंत रेड की जाए तो पिकअप गाड़ी अवैध शराब सहित काबू आ सकती है। जिस सूचना पर टीम ने रैडिंग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर रेड की। टीम को एक पिकअप गाडी आती हुई दिखाई दी, जिसको रूकवाकर गाडी चालक को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जयबीर वासी सुरेहती जाखल बताया।

पिकअप गाडी को चैक किया तो उसमें शराब कि पेटियां भरी हुई थी। चालक से शराब बारे लाइसेंस व परमिट मांगा तो वह कोई कागजात पेश नहीं कर सका। पुलिस ने पिकअप गाड़ी से 214 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की। पुलिस ने पिकअप गाड़ी और अवैध शराब को जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# तन्वी ने रोल बॉल स्केटिंग में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः रौनक पब्लिक** स्कूल की छात्रा तन्वी ने रोहतक में आयोजित रोल बॉल स्केटिंग में 17 वर्षीय आयु वर्ग में खेलते हुए राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोल बॉल स्केटिंग प्रतियोगिता में तन्वी ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने तन्वी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा, हमें तन्वी पर गर्व है जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल तन्वी के लिए, बल्कि हमारे स्कूल के लिए भी गर्व की बात है। तन्वी की माता-पिता ने भी उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा, गहमें तन्वी पर गर्व है जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

# भाविका ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय,** सिरसा में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा भाविका देशवाल ने रजत पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता 22 नवंबर से 24 नवंबर 2024 तक आयोजित हुई। छटी कक्षा की छात्रा भाविका देशवाल के उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर स्कूल में सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य जयभारत गुप्ता ने बताया कि भाविका को उत्तर क्षेत्र से दिसंबर माह के अंत में होने



वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए चुना गया है। भाविका को प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता जी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

# लोगों को समस्याओं के निपटान की रहती है प्राथमिकता: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः एसडीएम निर्मल** नागर ने उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को समस्याओं से निजात दिलवाने के लिए गंभीरता से लेकर यथाशीघ्र निपटारा करें। एसडीएम ने समाधान शिविर में न आने वाले अधिकारियों को नोटिस भेजकर भविष्य में समाधान शिविर में हाजिर रहने के निर्देश दिए है ताकि सरकार द्वारा जनहित में आयोजित समाधान शिविरों में माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्रता से निपटारा किया जा



सके। सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में बुधवार को एसडीएम निर्मल नागर ने पेंशन से सम्बंधित 2 शिकायतों की सुनवाई करते हुए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वे सुनिश्चित करें कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का नियमानुसार निदान किया जाए। अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले लोगों को विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूक करें।

# सरकार आंगनवाड़ी कर्मियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रही: यूनियन

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) एआईयूटीयूसी** से संबद्ध आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा की ब्लॉक प्रधान ने रोषपूर्वक कहा कि सरकार आंगनवाड़ी कर्मियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकताओं के लिए 1500 व हेल्परों के लिए 750 रुपए प्रतिमाह मानदेय बढ़ाने की घोषणा की गई थी परन्तु हरियाणा सरकार ने इसे आज तक लागू नहीं किया है। अभी हाल ही में मानदेय की बढ़ोतरी भी सभी जगह लागू नहीं हुई है।

# बिजलीकर्मी की बाइक का चालान करने पर बिजली निगम व ट्रैफिक पुलिस आमने सामने

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर में ट्रैफिक** पुलिस द्वारा एक बिजली कर्मी की बाइक का चालान करने पर बिजली निगम व ट्रैफिक पुलिस आमने सामने हो गए। ट्रैफिक पुलिस ने बिजली निगम के एक कर्मचारी की बाइक का चालान कर दिया। जिसके बाद बिजली कर्मी ट्रैफिक पुलिस चौकी में एकत्रित हो गए। उन्होंने चौकी इंचार्ज से चालान काटने पर नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद चौकी इंचार्ज ने भविष्य में इसका ध्यान रखने का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन पर बिजली कर्मी शांत हुए। प्राप्त जानकारी अनुसार बिजली निगम कर्मचारी अनूप कुमार अपने एक सहकर्मी नीरज की बाइक लेकर जीटी रोड पर बिजली का फाल्ट ठीक करने के लिए जीटी रोड की तरफ जा रहा था। इस दौरान देवीलाल चौक पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा नाका लगा कर वाहनों की जांच की जा रही थी। ट्रैफिक पुलिस ने बिजली निगम कर्मचारी अनूप कुमार की बाइक रुकवा ली और हलमेट न पहनने पर उसका चालान कर दिया। चालान कटने की बात जब बिजली कर्मचारियों को पता चली तो बिजली कर्मी एकत्रित हो कर जीटी रोड ट्रैफिक पुलिस चौकी में पहुंचे। जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस और बिजली निगम के अधिकारियों के बीच बातचीत हुई, जिसमें एक-दूसरे का ध्यान रखने और विवाद सुलझाने पर सहमति बनी। बिजली कर्मचारियों द्वारा ट्रैफिक पुलिस चौकी का बिजली कनेक्शन काटने की बात को दोनों विभागों के अधिकारियों ने नकार दिया है।

**-बिजली कनेक्शन काटने की बात में कोई सच्चाई नहीं है : एसडीओ**

बिजली निगम के शहरी एसडीओ सचिन दहिया से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिजली कनेक्शन काटने की बात में कोई सच्चाई नहीं है। चौकी में बिजली कर्मचारी इंचार्ज से मिलने गए जरूर गए थे, लेकिन उन्होंने कनेक्शन नहीं काटा। चौकी में एक बिजली का फाल्ट था, जिसे कर्मचारियों द्वारा ठीक किया गया था।

**चौकी इंचार्ज ने भी बिजली कनेक्शन कटने की बात को नकारा**

चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह ने भी बिजली कनेक्शन कटने की बात को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि चौकी में पहुंचे बिजली कर्मी चालान कैंसल करवाने के लिए आए थे।

# दिव्यांग दिवस पर रेनू विद्या मंदिर ने आयोजित की जागरूकता रैली

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। अं**तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर रेणु विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली स्कूल परिसर से आरंभ होकर बहालगढ़, इंदिरा कॉलोनी और लीवासपुर से होते हुए पुनः विद्यालय में संपन्न हुई। रैली में स्कूल के दिव्यांग छात्र, अध्यापक और कॉलेज के टीचर ट्रेनिंग के प्रशिक्षु सक्रिय रूप से शामिल हुए। संस्था के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता और रेणु गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान रेणु गुप्ता ने उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित करते हुए दिव्यांगजनों के संघर्ष और उनकी असीमित क्षमताओं पर केंद्रित एक मार्मिक कविता का पाठ किया। उनकी कविता ने सभी के दिलों को छू लिया और दिव्यांगजनों के प्रति समाज के दायित्व को और प्रबल किया। उन्होंने बताया कि रैली का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, उनकी शिक्षा, रोजगार और समाज में उनकी सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा देना था। रैली में स्थानीय लोगों व समाजसेवी संगठनों से भरपूर समर्थन मिला। छात्रों और प्रशिक्षुओं ने विशेष नारों और पोस्टरों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

# पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकारीय उत्साह व जोश होना जरूरी: नथानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक अरूण नथानी विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। अरुण नथानी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता एवं जनसंचार क्षेत्र के कामयाबी के लिए पत्रकारिता के विद्यार्थियों में पत्रकारीय उत्साह एवं जोश होना जरूरी है। विशेषज्ञ अरुण नथानी ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद है। उन्होंने आज की पीढ़ी में मौलिकता की कमी पर चिंता



व्यक्त की। उन्होंने पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए बताया कि कैसे पत्रकारिता ने मिशन से प्रोफेशन तक का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक ऋषि कर्म, इसके महत्व एवं गौरवशाली इतिहास समझना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से महान पत्रकारों के कार्यों का अध्ययन करने व उनका अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में समाचार लेखन के साथ-साथ पीआर (पब्लिक रिलेशंस), विज्ञापन और इवेंट मैनेजमेंट जैसे कई क्षेत्रों में करियर के अवसर उपलब्ध हैं। अरुण नाथानी ने कहा कि आज की भाषा में प्रवीणता पत्रकारिता की पहली जरूरत है। पत्रकारिता में सफलता के लिए भाषा की अच्छी पकड़ के साथ-साथ तार्किक ज्ञान होना भी अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे साहित्य पढ़ें और संवेदनशीलता विकसित करें। प्रेमचंद के साहित्य का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं क्योंकि उनमें संवेदनशीलता और रचनात्मकता का अद्भुत संगम है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि अरुण नथानी पिछले 35 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। ऐसे व्यक्ति से विद्यार्थियों का संवाद निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करेगा। आयोजन के अंत में विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# छात्रों को ऑनलाइन अपराधों की जानकारी देकर जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । महेंद्रगढ़** पुलिस ने साइबर क्राइम की घटनाओं को रोकने तथा आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा चलाया गया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान लगातार जारी है। विशेष जागरूकता अभियान के तहत थाना शहर कनीना की टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। टीम द्वारा मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में



जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के मार्गदर्शन में थाना शहर कनीना की टीम ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन साइबर अपराधों की जानकारी दी गई व साइबर अपराधों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीम ने बताया कि किसी भी सूरत में अपने बैंक खाता से संबंधित कोई भी जानकारी अथवा पासवर्ड या ओटीपी इत्यादि को किसी से भी शेयर ना करें।

## संपादकीय

# सीखना जारी रहना चाहिए...

**सीखना** एक आवश्यक और आजीवन प्रक्रिया है। यह मानव विकास और विकास की आधारशिला है। हालाँकि, ज्ञान प्राप्त करने की यांत्रिकी से परे सीखने की सूक्ष्म कला निहित है - एक दृष्टिकोण जो जिज्ञासा, रचनात्मकता, अनुकूलनशीलता और खोज के जुनून पर जोर देता है। जिज्ञासा - यह शब्द अपने आप में कहता है कि यह आजीवन सीखने का ईंधन है। इसके मूल में, सीखने की कला में तथ्यों और कौशलों के संचय से कहीं अधिक शामिल है। यह एक गतिशील प्रक्रिया है जो बौद्धिक, भावनात्मक और अनुभवात्मक आयामों को एकीकृत करती है। सीखना तब कलात्मक हो जाता है जब वह उद्देश्यपूर्ण, आनंदमय और किसी व्यक्ति के मूल्यों और आकांक्षाओं से गहराई से जुड़ा हो। एक कठोर, मानकीकृत दृष्टिकोण के विपरीत, सीखने की कला यह मानती है कि हर किसी के पास अद्वितीय ताकत, रुचियां और दुनिया को समझने के तरीके हैं। यह शिक्षार्थियों को अपने व्यक्तित्व को अपनाने, विविध दृष्टिकोणों का पता लगाने और सीखने की प्रक्रिया में अर्थ खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है क्योंकि ज्ञान केवल औपचारिक शिक्षा या किताबें पढ़ने से नहीं आता है बल्कि यह जीवन, बातचीत, अनुभवों और अप्रत्याशित मुठभेड़ों से आता है। व्यक्तियों को नए दृष्टिकोणों के प्रति खुला रहना चाहिए, चाहे वे विभिन्न संस्कृतियों, व्यवसायों या आयु समूहों से हों। कैरल ड्वेक द्वारा लोकप्रिय विकास मानसिकता, यह विश्वास है कि बुद्धिमत्ता और क्षमताओं को समर्पण और कड़ी मेहनत के माध्यम से विकसित किया जा सकता है जो एक निश्चित मानसिकता के विपरीत है जो मानती है कि क्षमताएं स्थिर हैं। विकास की मानसिकता के साथ, असफलताओं को अक्सर विफलताओं के बजाय सीखने के अवसरों के रूप में देखा जाता है जबकि चुनौतियों को सीखने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में अपनाया जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कितना जानता है, आगे बढ़ने की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। विनम्र बने रहना, और दूसरों से प्रतिक्रिया, आलोचना और रचनात्मक इनपुट के लिए खुला रहना किसी व्यक्ति को अपनी समझ को बेहतर बनाने और परिष्कृत करने में मदद कर सकता है। एक और महत्वपूर्ण कारक जो सीखने की कला को बढ़ाता है वह है जुनून की कला। जो शिक्षार्थी अपनी रुचि से मेल खाने वाले विषयों को अपनाते हैं, वे प्रवाह की स्थिति में प्रवेश करते हैं, जहां प्रयास सहज महसूस होता है, और प्रक्रिया आंतरिक रूप से फायदेमंद हो जाती है। जुनून प्रेरणा को बनाए रखता है और गहन जुड़ाव को बढ़ावा देता है, जिससे महारत हासिल होती है। अपने आप को समान विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ घेरना जो सीखने को प्राथमिकता देते हैं, चचाओं में शामिल होना, कार्यशालाओं में भाग लेना या परियोजनाओं पर सहयोग करना किसी व्यक्ति के लिए सीखने और बढ़ने की चुनौती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सबसे प्रतिभाशाली दिमाग वाले ऐसे प्रश्न पूछते हैं जिन्हें अन्य लोग हल्के में ले सकते हैं। किसी को 'क्यों' और 'कैसे' पूछने की आदत डालनी चाहिए और न केवल अमूर्त विचारों के बारे में, बल्कि रोजमर्रा की स्थितियों में भी, क्योंकि ये प्रश्न किसी की सोच की सीमाओं को तोड़ते हैं और गहरी अंतर्दृष्टि तक ले जा सकते हैं।

# सदन में करवटें बदलती आत्माएं

**राकेश अचल**

> "सदन में जरूरी प्रपत्र पेश किए जाने के दौरान वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के नाम पर अंकित एक दस्तावेज को संसदीय कार्य राज्य मंत्री मेघवाल ने रखा. इस पर स्पीकर बिरला ने कहा कि उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सदन में बैठे हैं और उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा जाना चाहिए था। इसके बाद गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार अपने नाम से अंकित दस्तावेज सदन के पटल पर रख रहे थे. उन्हें कठिनाई होने पर अन्य मंत्री उनकी मदद करते नजर आए. इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने इन मंत्रियों से कहा, ह्यह्यआप एक-दूसरे को मत समझाओ.ह्लह्ल फिर स्पीकर ने संसदीय राज्य मंत्री मेघवाल से ही संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। लोकसभा की ही तरह राज्य सभा के बाहर एक समारोह में सभापति जयदीप धनकड़ अचानक किसान आंदोलन का प्रश्न आते ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर पिल पड़े"

**आपने** यदि गौर किया हो तो आप पाएंगे कि आजकल संसद के दोनों सदनों में पीठासीन प्रमुखों की आत्माएं अचानक करवटें बदलती दिखाई दे रहीं हैं। सदन चलने को लेकर दुनिया भर से मिल रही लानत मलानत के बाद लोकसभा हो या राज्य सभा अब केंद्रीय मंत्रियों को लताड़ मिलती दिखाई दे रही है। लोकसभा में यदि स्पीकर श्री ओम बिरला जी यदि संसदीय कार्यकमंत्री पर बिफरे तो राजयसभा कि सभापति माननीय धनकड़ जी ने सदन कि बाहर एक कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की क्लास ले ली।

मंगलवार लोकसभा में शून्यकाल शुरू होने से पहले कार्यसूची में तमाम मंत्रियों के नाम से अंकित दस्तावेज संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की ओर से प्रस्तुत किए जाने पर स्पीकर ने नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि जिन मंत्रियों के नाम कार्यसूची में हैं, वे सदन में उपस्थित रहें. दरअसल, सदन में प्रश्नकाल खत्म होने के बाद दोपहर 12 बजे कार्यसूची में अंकित जरूरी कागजात संबंधित मंत्रियों की ओर से सदन के पटल पर रखे जाते हैं।

हालांकि अगर कोई मंत्री सदन में उपस्थित नहीं रहता तो उनकी तरफ से संसदीय कार्य राज्य मंत्री इन्हें प्रस्तुत करते आये हैं। संसद में बहुत दिनों बाद स्पीकर को बदली हुई मुद्रा में देश ने देखा है। लगता है कि अब उन्हें उनकी आत्मा कचोटने लगी है।

अहसास करने लगी है कि वे केवल सत्तापक्ष के लिए ही नहीं बने हैं।

सदन में जरूरी प्रपत्र पेश किए जाने के दौरान वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के नाम पर अंकित एक दस्तावेज को संसदीय कार्य राज्य मंत्री मेघवाल ने रखा. इस पर स्पीकर बिरला ने कहा कि उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सदन में बैठे हैं और उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा जाना चाहिए था। इसके बाद गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार अपने नाम से अंकित दस्तावेज सदन के पटल पर रख रहे थे. उन्हें कठिनाई होने पर अन्य मंत्री उनकी मदद करते नजर आए. इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने इन मंत्रियों से कहा, ह्यह्यआप एक-दूसरे को मत समझाओ.ह्लह्ल फिर स्पीकर ने संसदीय राज्य मंत्री मेघवाल से ही संबंधित





दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा।

लोकसभा की ही तरह राज्य सभा के बाहर एक समारोह में सभापति जयदीप धनकड़ अचानक किसान आंदोलन का प्रश्न आते ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर पिल पड़े। किसान आंदोलन को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सीधे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कई सवाल किए।उन्होंने शिवराज की ओर इशारा करते हुए कहा, कृषि मंत्री जी, आपका एक-एक पल भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपया करके मुझे बताइए कि किसान से क्या वादा किया गया था? और जो वादा किया गया था, वह क्यों नहीं निभाया गया ? आपको बता दें कि देश कि किसान एक बार फिर आंदोलित हो रहे हैं।

धनकड़ का रूप विपक्ष के किसी संसद जैसा था । उन्होंने सवाल किया कि -' वादा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? बीते साल भी आंदोलन था, इस साल भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है। हम कुछ नहीं कर रहे हैं।धनखड़ ने मुंबई में केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह के में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में शिवराज भी मौजूद थे।हालांकि, उन्होंने उपराष्ट्रपति के सवालों का जवाब नहीं दिया।आपको याद होगा कि किसान आंदोलन को लेकर पूर्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजयपाल रहे सत्यपाल मलिक भी आग -बबूला हो चुके हैं और इसका खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा है ,लेकिन धनकड़ को पता है कि अब उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है । भाजपा उन्हें राष्ट्रपति तो बनाने से रही। दुर्भाग्य ये है कि संसद को हंगामे से उबरने के लिए हुई बैठक भी बहुत ज्यादा कामयाब नजर नहीं आयी,क्योंकि मंगलवार को संसद में अडानी का नाम आते ही फिर हंगामा हुआ था। कांग्रेस के गौरव गोगोई द्वारा अडानी और मोदी का नाम लेते ही सत्तापक्ष बिफर गया था और उसने गौरव के शब्दों को सदन की कार्रवाई से निकलवाकर ही चैन की सांस ली थी। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर लोकसभा की कार्रवाई का न सिर्फ बहिष्कार किया ब्लल्कि बैनर लेकर ये संदेश भी दिया की मोदी जी और अडानी जी एक हैं। कांग्रेस के इस कदम का साथ हालाँकि उनके सहयोगी समाजवादी दल और तृणमूल कांग्रेस ने नहीं दिया।

मुझे लगता है कि यदि लोकसभा और राजयसभा का संचालन निष्पक्षता से किया जाये तो सदन की तस्वीर बदल सकती है। लोकसभा अध्यक्ष को भी मान लेना चाहिए कि ये उनका दूसरा और अंतिम कार्यकाल है,वे चाहें तो इसका इस्तेमाल अतीत में बिगड़ी अपनी छवि को सूधारने में कर सकते हैं। वे अगर संगमा बनना चाहें तो बन सकते है। वे यदि सोमनाथ चटर्जी बनना चाहें तो उन्हें कोई नहीं रोक सकता । यहां तक कि प्रधानमंत्री मोदी जी भी। कोई उन्हें पदच्युत करने की स्थिति में नहीं है। यही बात राज्य सभा के सभापति माननीय धनकड़ साहब पर लागू होती है। उन्होंने बंगाल के राजयपाल के रूप में ही नहीं बल्कि राजयसभा के सभापति के रूप में भी भाजपा के लिए जितना समर्पण किया जा सकता था, वे कर चुके है। अब उन्हें अपनी छवि सुधारने के लिए सदन के बाहर ही नहीं बल्कि भीतर भी विपक्ष के साथ होई सत्तापक्ष की कान -कुच्ची [ कान खिंचाई ] करना चाहिए।

देश ने एक लम्बे अरसे से लोकसभा और राजयसभामें पहले की तरह किसी भी मुद्दे पर कोई गंभीर बहस नहीं हुई है । ऐसी बहस जिसे देखने -सुनने के लिए देश दो-चार घंटे टीवी स्क्रीन के सामने बैठने को मजबूर हो। ये तीसरी लोकसभा है जिसमें कोई सारगर्भित बहस होती नजर नहीं आय। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री जी भी जितनी बार सदन में बोले वे राष्ट्रनायक के रूप में नहीं बोले । उन्होने हमेशा किसी विपक्षी नेता की तरह भाषण दिया और असली विपक्ष की बखिया उधेड़ने की कोशिश की ।मुझे एक बार भी नहीं लगा कि वे देश को चलाने के लिए विपक्ष की किसी भूमिका को सराहने का माद्दा रखते हैं। उन्हें विपक्ष अपना सनातन शत्रु नजर आता है। वे पंडित जवाहर लाल नेहरू की तरह आज के विपक्ष में बैठे किसी अटल बिहारी बाजपेयी को अपना आशीर्वाद नहीं दे सकते। बहरहाल जो परिवर्तन फिलहाल दिखाई दे रहा है वो सुखद है।

## कविता

### कितना पराया सा दिखता है वो।

कितना पराया सा दिखता है वो।
मुझे सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो लेकिन
अपने जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी मासूम उनकी अदाएं शायद ।
जाते हुए अपने को छोड़ जाता है वो।।

बेरुखी का आलम देखिए उनका।
ख्यालों से अपने भिगो जाता है वो।।

इश्क तो रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता हूं मैं सजदे वो कर जाता है।।

महकती रहे लहकती सांसों की डोर,
इश्क को लहू में मिला जाता है वो।।

उसकी नेकी का सिला देखिये संजीव।
मुझ फकीर से याराना रखता है वो।।

संजीव

# वाहनों की पार्किंग के संकट से जूझते शहर

**भारत** में वाहन पार्किंग की समस्या एक महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या, तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुरानी शहरी नियोजन के संयोजन से उत्पन्न होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन, शहरी नियोजन और जीवन की गुणवत्ता के लिए एक जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और कार स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ, भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है।

पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिजाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी, लेकिन उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं। पार्किंग की समस्या का सीधा परिणाम गंभीर यातायात भीड़ है, जिसके कारण यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है, क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से, पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को प्रभावित करती है, क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती हैं।

पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की कीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक उभरती हुई समस्या है, लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोजगार देने की क्षमता काफी ठीक है और यह भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि 'मुफ़्त पार्किंग' की अवधारणा टिकाऊ नहीं है।

## विचार

# एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर में नौकरी के अवसर और करियर

**विजय**

**एडवेंचर स्पोर्ट्स** इंस्ट्रक्टर, जैसा कि नाम से ही पता चलता है, एडवेंचर स्पोर्ट्स में प्रशिक्षण प्रदान करने में विशेषज्ञ है, चाहे वह वॉटर स्पोर्ट्स जैसे स्कूबा डाइविंग, व्हाइट वॉटर राफ्टिंग, कयाकिंग, कैनोइंग, क्लिफ डाइविंग, स्नॉर्कलिंग, यॉट रेसिंग, पावरबोट रेसिंग, विंड सर्फिंग आदि हो। हवाई खेल जैसे बंजी जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, स्काई डाइविंग, स्काई सर्फिंग आदि, या भूमि साहसिक खेल जैसे रॉक क्लाइंबिंग, स्केटबोर्डिंग, माउंटेन बाइकिंग, स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, ट्रैकिंग, एडवेंचर रेसिंग, भूमि और बर्फ नौकायन आदि। साहसिक पर्यटन, पहाड़ी रिसॉर्ट संस्कृति के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलने और नेशनल ज्योग्राफिक, डिस्कवरी, एएक्सएन आदि जैसे मीडिया चैनलों की भागीदारी के साथ, लोग अपने आसपास साहसिक खेल गतिविधियों के बारे में अधिक जागरूक हो गए हैं और एक साहसिक छुट्टी की योजना बनाना चाहते हैं। पेशेवर प्रशिक्षक के रूप में इन विशेषज्ञों की मांग पिछले कुछ वर्षों में कई गुना बढ़ गई है। इस प्रकार एडवेंचर टूरिज्म के इस क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रशिक्षकों का अच्छा भविष्य है। साहसिक खेलों में जनसंचार माध्यमों की भागीदारी के विश्वव्यापी दृष्टिकोण के कारण उच्च स्तर पर इस क्षेत्र से बहुत सारा ग्लैमर भी जुड़ गया है। एक सफल साहसिक खेल प्रशिक्षक बनने के लिए व्यक्ति के पास क्षेत्र में आवश्यक जानकारी और विशेषज्ञता होनी चाहिए। आवश्यक विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए कोई व्यक्ति निम्नलिखित अल्पकालिक और पूर्णकालिक दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों में से एक या अधिक को अपना करियर बना सकता है। इसमें बहुत अधिक मेहनत और प्रयास की आवश्यकता होती है लेकिन साथ ही यह किसी के करियर के निर्माण के लिए बहुत अधिक संभावनाएं प्रदान करता है। पूर्व खिलाड़ियों के साथ-साथ कड़ी मेहनत की इच्छा और क्षमता वाले युवा ऊर्जावान लोग, अब साहसिक खेलों से जुड़े नाम और प्रसिद्धि के साथ-साथ पैसा और संतुष्टि दोनों प्राप्त कर सकते हैं। साहसिक खेल प्रशिक्षक पात्रता शैक्षणिक योग्यता एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आवश्यक वांछनीय योग्यता एक विषय के रूप में शारीरिक शिक्षा के साथ 12वीं कक्षा है (हालांकि यह अनिवार्य नहीं है) इसके बाद किसी भी एडवेंचर स्पोर्ट्स संस्थान से प्रमाणन प्राप्त करना होगा। ऑनलाइन शिक्षण संसाधन महत्वपूर्णः जल-आधारित खेलों के लिए तैराकी का अच्छा कौशल अनिवार्य है। इसके अलावा, विदेशी साहसिक खेल प्रेमियों को संभालने के लिए अंग्रेजी या कुछ विदेशी भाषाओं में दक्षता उपयोगी हो सकती है। साहसिक खेल प्रशिक्षकों के लिए आवश्यक कौशल साहसिक खेल प्रशिक्षकों में खेल के प्रति उत्साह, उत्कृष्ट संचार कौशल, आत्मविश्वास जगाने और प्रतिभागियों को प्रेरित करने की क्षमता होनी चाहिए। उनमें दृढ़ संकल्प और धैर्य, अच्छा संगठनात्मक कौशल, संवेदनशील और सहायक दृष्टिकोण होना चाहिए। उनमें शारीरिक सहनशक्ति और खेल में सभी की भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता होनी चाहिए। एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर कैसे बनें? उन उम्मीदवारों के लिए किसी औपचारिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है जो स्वयं खिलाड़ी के रूप में साहसिक खेलों से जुड़े रहे हैं।

पूर्व और वरिष्ठ साहसिक खिलाड़ियों को एक खिलाड़ी के रूप में खेल के अपने ज्ञान और अनुभव के कारण सहायक खेल प्रशिक्षक (आवश्यक प्रमाणीकरण या लाइसेंस प्राप्त करने के बाद) के रूप में नौकरी मिल सकती है। सहायक के रूप में क्षेत्र में कुछ अनुभव के साथ, वे समय के साथ मुख्य प्रशिक्षक या मुख्य प्रशिक्षक के रूप में ऊपरी पद पर आसीन हो सकते हैं। हालाँकि, वे अभ्यर्थी जिनके पास गैर-खेल पृष्ठभूमि है, लेकिन वे ऊर्जावान हैं और खेल का अच्छा ज्ञान रखते हैं, वे औपचारिक प्रशिक्षण ले सकते हैं और नीचे दिए गए निदेशों का पालन करके प्रशिक्षक के रूप में इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस टैक्नोलॉजी के दो पहलू

**विजय गर्ग**

**पिछले** 60-70 साल में जिस तरह विज्ञान की नियामतों और टैक्नोलॉजी की आसानियों ने जीवन की रूपरेखा बदली है, सोचा जाए तो लगेगा कि इंसान चाहे तो क्या कुछ नहीं कर सकता? सब कुछ संभव ही नहीं बल्कि चुटकी बजाते ही अलादीन के चिराग की तरह ह्यजो हुक्म मेरे आकाह्ल जैसा हो सकता है। मानव और मशीन का गठजोड़ : जब दशकों पहले दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे मेले में पहली बार टैलीविजन और उसमें से बोलते चेहरे की आवाज लोगों ने सुनी तो आंख और कान पर यकीन नहीं हो पा रहा था। हर व्यक्ति की जुबान पर चर्चा थी। टैलीफोन का आविष्कार बहुत पहले हो गया था लेकिन जब एक डिबिया के आकार में इसका वजूद समा गया और दुनिया में कहीं भी बिना किसी तार या कनैक्शन के बात होने लगी तो सोचा कि ह्यऐसा भी हो सकता हैह्ल और जब बात करने वाले एक-दूसरे को देख भी सकते हों, चाहे सात समंदर पार हों, तब यह अजूबा ही लगा। कम्प्यूटर का बड़ा-सा डिब्बा अपने पूरे ताम-झाम के साथ घरों और दफ्तरों में पहुंचा तो यह कमाल लगा। इसकी बदौलत कुछ भी करना सुगम हुआ तो वाहवाही करनी ही थी। अब यह छोटे से मोबाइल फोन की स्क्रीन हो या आदमकद टी.वी. स्क्रीन, ज्ञान बतियाने और बांटने से लेकर खेल खेलना और मनोरंजन का लुत्फ उठाना उंगलियों से बटन दबाते ही होने लगा है। मुंह से निकलता है कि ह्यअब और क्याह्ल? इसका जवाब भी मिल गया और हमारे सामने आ?टफिशियल इंटैलीजैंस का संसार आ गया। इसके आगे क्या होगा उसके लिए आश्चर्यचकित होने का स्थान अब जिज्ञासा और उत्सुकता ने ले लिया है। इंसान का दिमाग क्या और कहां तक सोच सकता है, उसे व्यवहार में लाकर एक तरह से किसी भी चीज की काया पलट कैसे हो सकती है या की जा सकती है, इतना ही समझ लेना काफी है। जब हम इस नई टैक्नोलॉजी की बात करते हैं तो मनुष्य के लिए कुछ भी असंभव नहीं नजर आता। वह मशीन को अपने इशारों पर नचा सकता है या कहें कि वह सब करवा सकता है जो उसके दिमाग में चल रहा है।

# पाक में फिर विभाजन का खतरा,1971 का इतिहास दोहराया जायेगा

**पाकिस्तान** सरकार को पाक अधिकृत कश्मीर और बलूचिस्तान में जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है' वहां की आवाम अब किसी भी परिस्थिति में पाकिस्तान सरकार को बर्दाश्त करने की स्थिति और मन:स्थिति में नहीं हैं। दोनों प्रदेशों से बगावत के स्वर खुलकर सुनाई देने लगे हैं पाक अधिकृत कश्मीर की जनता भारत देश में शामिल होने को एक पैर पर तैयार है। ऐसा नहीं है कि भारत इन दोनों प्रदेशों को आजाद करवाने की कोशिश कर रहा है बल्कि वहां की जनता स्वयं स्फूर्त होकर पाकिस्तान से इन प्रदेशों को अलग करवाएगी। पाकिस्तान में बड़ी विचित्र स्थिति बन गई है खुद के पास देश चलाने के लिए पैसा नहीं है और वह बांग्लादेश में अपनी सेना भेज कर हिंदुओं के विरुद्ध अभियान चलाने में लगा हुआ है। कई आतंकवादी संगठन आप बांग्लादेश में भारत के विरोध में सक्रिय हो गए हैं और दंगे भड़काने में सक्रिय हो गए हैं। भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 मैं स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नए-नए कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया गया, और काफी हद तक सफल भी रहा है । पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया ,विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्री ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गई ,नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगाकर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया। इमरान खान को भी विभिन्न अपराधों की सजा अब मिलने वाली है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है ।इमरान खान की गिरफ्तारी ने जनता और सेना को आमने सामने खड़ा कर दिया गया और 9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़फोड़ की उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया था पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें छोड़ दिया गया। अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान मैं आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### कम प्रदूषण उत्सर्जन की कार निर्माण कर होंडा ने किया बेहतरीन काम गजेंद्र सलूजा

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**होंडा ने** अमेज सीरीज की नई कार आज लॉन्च की पानीपत में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने लोकार्पण करके जनता के क्रय हेतु जारी की। गजेन्द्र सलूजा ने होंडा के अधिकारियों से बात करने के बात करने के बाद कहा की होंडा ने कम प्रदूषण उत्सर्जन की गाड़ी निकाल कर बेहतरीन काम किया है। गजेन्द्र सलूजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वप्न है कि प्रदूषण मुक्त भारत ही कार निमार्ता कंपनिया इस और काम करे।होंडा कंपनी बधाई की पात्र है जिसने अमेज का नया स्वरूप कम प्रदूषण का निर्मित किया है।उन्होंने वहां सभी को बधाई तथा शुभ कामनाएं दी।लोकार्पण पर पहुंच ने पर एजेंसी के अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। विरेंदर जागलान सेल्स मैनेजर ने बताया कि इस कार का इंजन 10 साल तक चलेगा। इस गाड़ी में दुर्घटना से बचने के फीचर है। मनु चौहान ने बताया कि 5 स्टार है।उन्होंने बताया कि उसमें बैठने की जगह ज्यादा खुली है।

### 34 वर्षीय व्यक्ति ने लगाई फांसी, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। गांव जाट** निवासी 34 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के भाई संजय सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव जाट का रहने वाला हैं। पैसे से दुकानदार है। उसके पिता का देहांत हो चुका है तथा मां घर पर ही रहती है। हम दो भाई तथा चार बहने हैं। वह व सभी बहन शादीशुदा है। मेरा बड़ा भाई 34 वर्षीय विक्रम सिंह अविवाहित है। जिसकी करीब दो-तीन महीनों से दिमागी हालत ठीक नहीं थी। तीन दिसंबर को वह अपने बच्चों को लेकर अपने ससुराल गांव भौंडसी गया हुआ था। उसका भाई विक्रम व मां सुशीला देवी घर पर ही थे। उसके भाई विक्रम सिंह ने दिमागी परेशानी के चलते बीती रात घर में खड़े नीम के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी सूचना पाकर वह अपने बच्चों सहित अपने घर गांव जाट आया तो भाई विक्रम को सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ लेकर गए हुए थे। जहां चिकित्सकों ने उसके भाई विक्रम को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि भाई विक्रम की मौत दिमागी परेशानी के चलते खुद फांसी लगाने से हुई है।

### ईवीएम ने भारत में निर्मित स्थानीय स्टोरेज समाधान के लिए रैम और एसएसडी का अनावरण किया

**मुंबई।** हुंडिया इन्फो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, कंप्यूटिंग और मोबिलिटी उत्पादों के मुंबई में अग्रणी विक्रेता और क्ळ स्टोरेज सॉल्यूशंस में अग्रणी एश्ट ब्रांड ने SSD, RAM और अन्य अत्याधुनिक समाधानों के लिए भारत के पहले मेड-इन-इंडिया स्टोरेज उत्पादों के लॉन्च की गर्व के साथ घोषणा की है। यह लॉन्च ऐतिहासिक रूप से मील का पत्थर है, क्योंकि ईवीएम स्थानीय रूप से विकसित और निर्मित मेड इन इंडिया स्टोरेज समाधान पेश करने वाला पहला भारतीय ब्रांड बन गया है। हुंडिया इन्फो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली ईवीएम ने आईटी स्टोरेज सॉल्यूशंस स्पेस में नंबर 1 भारतीय ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। स्थानीय रूप से निर्मित स्टोरेज समाधानों के लिए ईवीएम शुरूआत में SATA और NVMe SSDs की रेंज के साथ-साथ DDR4 और DDR5 फ्ळट मॉड्यूल के साथ शुरूआत करेगा, जिसे रोजमर्रा के उपभोक्ताओं और उद्योग के पेशेवरों दोनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है और आगे चलकर और अधिक उत्पाद जोड़े जाएंगे।

### एटीएम बदलकर पैसे निकालने के मामले में आरोपित से 15 हजार रुपये बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। एटीएम बदलकर** पैसे निकालने के मामले में थाना शहर पुलिस टीम ने आरोपित सन्नी उर्फ मन्नी वासी सामन पुट्ठी जिला हिसार को गिरफ्तार किया था, जिसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

# आर्य कॉलेज और अमेरिका की डायमंड ड्रीम्स बेसबॉल के बीच साइन हुआ एमओयू

## अब पानीपत के खिलाड़ी भी ले सकेंगे अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं: डॉ जगदीश गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) आर्य महाविद्यालय ने** खिलाड़ियों की खेलों मे रुचि को देखते हुए एक नई खेल क्रांति की शुरूआत की है। बुधवार को पानीपत मे स्थित आर्य महाविद्यालय ने अमेरिका की डायमंड ड्रीम्स बेसबॉल अकादमी के साथ एक महत्त्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अमेरिका मे स्थित डायमंड ड्रीम्स अकादेमी के संस्थापक कंवल सरा और डायरेक्टर बिल फ्रांसिस मौजूद रहे। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यपकों व कोच को इस अवसर पर बधाई दी।



इस अवसर पर प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की खिलाड़ियों को उनके कॅरियर को आकार, परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए महाविद्यालय हर तरीके से अपना पूर्ण सहयोग दे रहा है जिससे कि महाविद्यालय के खिलाड़ियों का विकास योजनाबद्ध तरीके से हो सके। जिससे कि आज उन्हे भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध कराई जा सके।
उन्होंने बताया की एमओयू में खिलाड़ियों को बेसबॉल अकादमी के प्रति जागरूक करना और साथ ही बेसबॉल जैसे खेल मे अधिक से अधिक अवसरों के विषय में बारे मे ज्ञात कराना तथा खेलों के प्रति विभिन्न तकनीकी कौशलों को ध्यान में रखते हुए दोनों संस्थाएं छात्रों को विषय-विशेषज्ञों के द्वारा उपयुक्त संबंधित जानकारियां साझा करेंगे। साथ ही प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया कि इस एमओयू का मकसद परियोजनाओं को संयुक्त रूप से लागू करने के लिए दोनों पक्षों के बीच एक करीबी रणनीतिक भागीदारी को कायम रखना है। जिससे की विद्यार्थी खेलों मे अपनी रुचि और अधिक जागृत कर सके। जिससे की वह अपने समाज व देश का नाम रोशन कर सके। इस अवसर पर डायमंड ड्रीम्स अकादमी के संस्थापक कंवल सरा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलों की शिक्षा को और बेहतर बनाने व इन खिलाड़ियों के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए उन्होंने आर्य महाविद्यालय के साथ अपना सबसे पहला एमओयू साइन किया है।

## समारोह में उज्बेकिस्तान के नागरिक पहुंचे जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन पर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: अंतर्राष्ट्रीय गीता** जयंती समारोह में नवीन जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन पर एक अद्भुत और गर्व का क्षण तब देखने को मिला, जब उज्बेकिस्तान के नागरिकों का एक समूह वहां पहुंचा। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सांसद नवीन जिन्दल के तिरंगा संघर्ष की कहानी से प्रभावित हुए। इस मौके पर उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की भी मांग की। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपनी गहरी भावनाएं और सम्मान प्रकट करते हुए इसे अपने साथ ले जाने की इच्छा व्यक्त की।फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया, जो राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और गौरव को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, की टीम ने इस अनुरोध को सहर्ष स्वीकार किया। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने उन्हें तिरंगा भेंट किया और उन्हें भारत की संस्कृति, लोकतंत्र और विविधता के महत्व के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रवक्ता ने कहा, "यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत का तिरंगा पूरी दुनिया में सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बन गया है।

## सेमिनार का आयोजन किया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जीटी** रोड स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यालय के 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को पर्यटन क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और रोजगार के विकल्पों के बारे में जानकारी देना था। सेमिनार की शुरूआत श्री बलवान सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने बच्चों को बताया कि कैसे स्कूली शिक्षा के बाद हरियाणा सरकार के पर्यटन विभाग में विभिन्न योजनाएं और रोजगार के अवसर मौजूद हैं। विशेष रूप से, उन्होंने 12वीं कक्षा के छात्रों को पर्यटन क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

# आमजन को दिया गूढ़ रहस्यों को जानने का मौका

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र: प्रजापिता ब्रह्माकु**मारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विश्व शांति धाम सेवा केन्द्र कुरुक्षेत्र की इन्चार्ज राजयोगिनी सरोज बहन ने बताया कि आज भगवद् गीता सत्य बोध प्रदर्शनी स्टॉल नं 672 से 674 पर लगाई गई, जबकि स्टाल नं 675 पर एनआईटी कुरुक्षेत्र में ब्रह्मकुमारीज द्वारा संचालित थाट लैब की तरफ से प्रदर्शनी लगाई है। भगवद गीता बोध प्रदर्शनी का उद्घाटन केडीबी के सीईओ मानद सचिव उपेन्द्र सिंगल ने किया। उनके साथ पम्मी कपूर कनाडा भी मौजूद रहे। उपेन्द्र सिंगल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद मेडिटेशन भी किया। उन्होंने बताया कि हमारा



परम सौभाग्य है कि कुरुक्षेत्र को गीता जी की उद्भव स्थली के रूप में सारा विश्व जानता है। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के माध्यम से वर्षों से ध्यान की परम्परा को अपना कर कैसे अपना जीवन सार्थक बनाएं, यह सिखाया जाता है। कुरुक्षेत्र में ही नहीं, पूरे विश्व में इसका प्रसार प्रचार होता है। उन्होंने कहा कि इस मेडिटेशन और प्रदर्शनी द्वारा गूढ़ रहस्यों को जानने का मौका मिलेगा। बहन जी ने मेडिटेशन का मौका हमें भी दिया, जो बहुत ही अच्छा लगा। पम्मी कपूर कनाडा ने बताया हम बचपन में ब्रह्माकुमारी आश्रम में जाया करते थे। परन्तु आज बहुत अच्छा लगा, मैं कनाडा में जाकर भी जरूर आश्रम पर जाऊंगा। सरोज बहन ने ईश्वरीय सौगात भेंट कर दोनों मेहमानों का धन्यवाद किया। इस मौके पर सर्व बीके राधा बहन, मधु बहन, पुष्पा बहन, संतोष पुलिस, प्रियंका बहन, सतीश कत्याल, हरबंस सिंह औजला, कर्ण सिंह, बलवंत शर्मा, अमित वर्मा मौजूद रहे।

**प्रसार प्रचार**

**भगवद गीता बोध प्रदर्शनी का उद्घाटन केडीबी के सीईओ मानद सचिव उपेन्द्र सिंगल ने किया**

## डॉ. अंबेडकर फार्मेसी कॉलेज में होगा प्रथम वर्ष निशुल्क दाखिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:संविधान के सम्मान** में 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा आयोजित संविधान स्वाभिमान वर्ष "मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान" मे अपनी भागीदारी करते हुए नजदीकी गांव मथाना में स्थित डॉ आंबेडकर फामेर्सी कॉलेज अपनी प्रथम वर्ष की 50 प्रतिशत सीटों पर निशुल्क दाखिला करेगा। यह जानकारी देते हुए डॉ. अंबेडकर फामेर्सी कॉलेज के चेयरमैन एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने बताया की प्रबंधन कमेटी द्वारा यह निर्णय लिया गया है जिसमें 12 वीं कक्षा (साइंस श्रेणी) से पास डी. फार्मा की सीटों पर होगा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्गों तथा अन्य गरीब वर्गों छात्र एवं छात्राओं को निशुल्क प्रथम वर्ष का दाखिला 50 प्रतिशत सीटो पर 'पहले आओ - पहले पाओ' की स्थिति में दिया जाएगा। संस्थान में आवेदन करने की अंतिम तिथि प्रबंधकीय कमेटी द्वारा हेल्पलाइन 98712-74028 और 93158-87058 के माध्यम से 10 दिसंबर 2024 तय की गई है। उल्लेखनीय है की हरियाणा सरकार के नियम अनुसार फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त संस्थानों में फामेर्सी के डी. फार्मा का कोर्स 2 वर्ष तथा बी. फार्मा का कोर्स 3 वर्ष का होता है।

# बाल विवाह बच्चो के चयन के अधिकार पर हमला: संजय कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
महिला एवं बाल विकास विभाग पानीपत द्वारा समालखा के लघु सचिवालय में समालखा ब्लॉक की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बाल विवाह निरोधक अधिनियम 2006 और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर एक प्रशिक्षण प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें रिसोर्स पर्सन के तौर पर एमडी डी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक संजय कुमार ने वर्कर्स को कानून और अभियान के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकताओं को बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार व बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया गया। इसमें बाल? विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया। संजय कुमार ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है या उसको बढ़ावा देता है या उसमें सहायता करता है तो 112 नम्बर व? 181नम्बर पर फोन करके सुचित करें। बाल? विवाह करवाने वाले को 1 साल की सजा व 2 लाख जुमार्ना भी लग सकता है या दोनों भी हो सकते हैं। बाल विवाह की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। बाल विवाह रूपी बुराई को जड़ से खत्म करना जरूरी है ,
तभी लड़कियों के सपने साकार होंगे। बाल विवाह होने से लड़कियों का बचपन भी उनसे छिन जाता तथा जल्द शादी से लड़किया शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हो जाती है,ऐसे में बाल विवाह के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है; तभी लड़कियां अपने बचपन को अपने इच्छा अनुसार जी पाएगी। इसके अलावा किसी भी बच्चे से बाल श्रम करवाना कानूनन अपराध है। शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, इसलिए हमें कोशिश करनी चाहिए कि हर बच्चा स्कूल जाए और पढ़ लिख कर एक बेहतर नागरिक बने। एम डी डी जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि एम डी डी ऑफ इंडिया पिछले कई वर्षों से बालाधिकारों को लेकर कार्यरत है और बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार व बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए हुए है। एमडीडी ऑफ इंडिया (गैर-लाभकारी संगठन) हरियाणा के 15 जिलों में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से दुनिया के सबसे बड़े कानूनी हस्तक्षेप कार्यक्रम "बच्चों के लिए न्याय तक पहुंच" पर काम कर रहा है। सुपरवाइजर सीनम ने कहा कि एमडीडी ऑफ इंडिया का यह अभियान बहुत ही सराहनीय है।

# रक्तदान शिविर के सातवें दिन गीता महोत्सव में पुलिस के जवानों द्वारा किया गया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : यूथ ब्लड** डोनेशन सोसाइटी द्वारा हर साल कि तरह इस साल भी 18 दिवसीय रक्तदान शिविर में आज सातवें दिन ब्रह्म सरोवर के तट पर बूथ नम्बर 455,56,57, पर सेवाएं दे रहे पुलिस के जवानों द्वारा रक्तदान किया गया इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया कि यह रक्तदान सेवाएं 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक 18 दिवसीय रक्तदान शिविर हर साल की तरह लगाया हुआ है जिसमें देश के कोने-कोने से आए हुए श्रद्धालुओं द्वारा पिछले 6/7 दिनों में रक्तदान किया गया और उनको बहुत खुशी मिलती है । गीता के उपदेश स्थल पर रक्तदान करके बहुत खुशी मिलती है। रक्तदाताओं का कहना है कि हमें यहां पर दोनों काम करने का मौका मिल रहा है, एक तो हम इस पवित्र तीर्थ के दर्शन करते हैं और दूसरा हमें घूमने का मौका मिला है तथा यहां संस्कार संस्कृति और गीता का उपदेश सुनने का मौका मिलता है। रक्तदान कर हमें अपने आप को पुण्य के भागीदार बनने का मौका मिलता है । इस मौके पर कुरूक्षेत्र लोक जननायक हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम की इंचार्ज डॉक्टर रमा, ओम प्रकाश,सुमित कुमार, राजवंत कौर,पल्लवी, विनोद पाल होलकर, राजेंद्र ग्रोवर, गुरमेल सिंह ककराला, मनीष राणा ककड़ी, जीत राम, हुकुम चंद, पुर्ण कलसोरा, शेर नंबरदार, रामपाल, सचिन पाल, पोली देवी, रोहित धीमान, सुनील कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## संत शिरोमणि सैन महाराज की मनाई जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हल्का** सैन समाज धर्मशाला में 681वीं संत शिरोमणि सैन महाराज की जयंती मनाई गई। हरियाणा सैन समाज कोर कमेटी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित आसोदिया ने कहा कि आज देश का प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण प्रगति की ओर बढ़ रहा हैं।
स्टार्टअप के माध्यम से हर युवा को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। ऐसी नीतियां देश व प्रदेश की सरकार द्वारा तैयार की जा रही है ताकि होनहार युवा को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

# हिमानी इमर्जिंग एजुकेशन हीरो अवार्ड से हुई सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: पूर्ण मूर्ति ग्लोबल** स्कूल, कामी रोड की प्राचार्या हिमानी नैन को इमर्जिंग एजुकेशन हीरो अवार्ड से सम्मानित किया गया है । इजीएन इंडिया संस्था की ओर से आयोजित अवार्ड समारोह में उन्हें शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने पर इमर्जिंग एजुकेशन हीरो अवार्ड प्रदान किया गया । पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल नैन , प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी संदीप शाक्य, परिसर निदेशक कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू व स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। डा.विजयपाल नैन ने कहा कि



उनकी इस सफलता से स्कूल व पूरे संस्था का नाम रोशन हुआ है। डा.विजयपाल नैन ने कहा कि स्कूल में एक अच्छा प्राचार्य होना अच्छी शिक्षा व समाज के लिए बहुत जरुरी होता है। प्राचार्या को यह सम्मान मिलना उनकी शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण और निरंतर योगदान को प्रदर्शित करता है। उनके स्कूल में पढाई के साथ-साथ बच्चों में तकनीकी ज्ञान व कौशल को विकसित किया जा रहा है। विशेषज्ञ बच्चों और अभिभावकों को भविष्य की चुनौतियों को लेकर तैयार होने के लिए आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी साझा करते हैं।
इस अवसर पर प्राचार्या हिमानी नैन ने कहा कि इस अवार्ड के मिलने से मैं काफी उत्साहित हूं । इस अवार्ड की नाज को बनाए रखना मेरी प्राथमिकता होगी। इस बड़ी उपलब्धि के लिए प्राचार्या ने अपने माता-पिता, परिजन एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक कार्य करने का यह परिणाम है। इस मौके पर स्कूल के उप प्राचार्य वरुण कुमार,अध्यापिका मीनाक्षी, ऋतु, किरण बाला, सुरेश ,सोनू ,नीलम, कुसुम, मंजू, ममता, गौरव सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी ।

# निवेश करवा साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग एप पर निवेश करवा साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के तीन आरोपियों को फरीदाबाद व यूपी के मथूरा गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मनीष सिन्हा निवासी पूणे महाराष्ट्र, राहुल सक्सेना निवासी औरंगाबाद व मनोज निवासी बेहता बांगर मथूरा यूपी के रूप में हुई। आरोपियों ने पानीपत निवासी डॉक्टर से 60 लाख रूपए की ठगी की थी। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने जिला



सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में बुधवार को प्रेसवार्ता कर प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया की फरवरी 2024 में थाना साइबर क्राइम में डॉक्टर प्रवीन पी कोटवानी ने शिकायत देकर बताया था कि वह जुलाई 2023 से डॉ प्रेम एलएचडीएम अस्पताल पानीपत के माध्यम से आईओसीएल में व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र पीआर में व्यावसायिक स्वास्थ्य सलाहकार के प्रभारी है। उसने दिसम्बर 2023 को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर स्टॉक पुल अप ग्रुप के लिंक पर क्लिक किया तो वह उसे गोल्डमैन स्टॉक्स इंडिया इक्विटी एक्सचेंज ग्रुप 207 नामक वॉटसअप ग्रुप पर ले गया। वहा जय सहानी शिक्षक और रागिनी सिंह असिस्टेंट बनकर लोगों को ई ट्रेडिंग करने के सुझाव दे रहे थे। उक्त स्टॉक्स प्लेटफार्म में पैसे लगाकर डबल करने की बात कही जा रही थी। ग्रुप में और भी काफी लोग जुड़े हुए थे। जिसमे काफी लोग करोड़ो की धनराशि निवेश कर उसके स्क्रीनशॉट ग्रुप में पोस्ट कर रहे थे। उनकी बातों पर विश्वास कर उसने भी ग्रुप के माध्यम से गोल्डमैनशैक एप पर जाकर निवेश करना शुरू कर दिया। उन्हें हर बार अच्छा मुनाफा दिखाकर और ज्यादा बड़ी रकम से ट्रेडिंग करने का टास्क मिलता रहा। करीब 36 लाख रूपए निवेश करने के बाद उन्होंने रूपए निकालने की कोशिश की तो क्लेम प्रोसेस रिजेक्ट होने लगी। उसने कस्टमर केयर कर्मचारी पर रूपए रिफंड कराने का दबाव बनाया तो उसने निवेश के नियम तोड़ने का दावा किया। 1 फरवरी तक 79 से 80 लाख रूपए नहीं भरने पर आईडी बंद करने की चेतावनी दी। करीब 60 लाख रुपए भरने के बाद उसकी आईडी ब्लाक हो गई। आरोपियों ने फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग एप से निवेश करवा उससे 60 लाख रूपए की ठगी कर ली। शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# बाइक चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की 2 बाइक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए टू प्रभारी** इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि सदिग्ध किस्म का एक युवक होंडा शाइन बाइक पर सवार होकर सिवाह स्थित पसीना मोड़ पर घूम रहा है। युवक के पास बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अंकित पुत्र रामजी निवासी सुंदर कॉलोनी पसीना रोड सिवाह के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक को बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा तो वह बहाने करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 27 नवम्बर को देवगिरी कॉरपोरेट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में दिनेश पुत्र सेवा राम निवासी विजय नगर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने एक अन्य प्लेटिना बाइक करीब 1 महीना पहले सिवाह बस स्टेंड के पास से चोरी करने बारे स्वीकारा। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की उक्त बाइक उसके किराये के कमरे सुंदर कॉलोनी से बरामद की। चोरीशुदा बाइक के मालिक की पहचान न होने पर बाइक को बीएनएसएस की धारा 106 के तहत कब्जा पुलिस में लिया। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने की चाहत में आरोपी ने एकाएक कर बाइक चोरी की उक्त वारदातों को अंजाम दिया।

## न्यूज फ्लैश

### खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कर नशे से दूर रहने को किया प्रेरित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य को नशा मुक्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में हरियाणा में 3823 अभियोग अंकित कर 5870 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा गया है जबकि इस वर्ष 30 नवंबर तक 3051 अभियोग अंकित कर 4627 नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चूका है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा को विशेष रूप से हरियाणा प्रांत में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के लिए नियुक्त किया गया है। वे प्रतिदिन हरियाणा के गांव गांव जाकर नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। वे बाबैन में डॉ. दीपक देवगन लिटिल चैम्स कान्वेंट स्कूल पहुंचे हुए थे। स्कूल के निदेशक डॉ. दीपक देवगन, डॉ. जयश्री देवगन और सेवानिवृत मेजर राजकुमार की अध्यक्षता में आयोजित खेल उत्सव के अवसर पर नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। डॉ. दीपक देवगन ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को सबसे प्रथम अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मशाल को प्रज्वलित कर खेलों का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में कहा कि युवा विशेष रूप से विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक कार्यों कि और लगाएं जिसमें खेल सबसे उत्तम साधन है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने डॉ. देवगन स्कूल के प्रबंधक समिति और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही उत्तम और सर्वश्रेष्ठ खेल प्रतियोगिता है जो वास्तव में विद्यार्थियों में अनुशासन के साथ साथ राष्ट्र प्रेम के प्रति सजगता को प्रोत्साहित करेगी।

# विज ने रंगिया मंडी में नन्हेड़ा रेलवे ओवरब्रिज का किया उद्घाटन

### अम्बाला छावनी में रेलवे लाइनों को क्रास करने की जितनी भी बंदिशे थी वह सभी उन्होंने अब दूर कर दी हैं

**सुविधाएं**

**आज रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन किया गया है जिसका सभी को बहुत लाभ होगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में रेलवे लाइनों को क्रास करने की जितनी भी बंदिशे थी वह सभी उन्होंने अब दूर कर दी हैं, अम्बाला छावनी अब जहां तक फैलना चाहते फैल सकता है। विज ने यह बात रंगिया मंडी में अम्बाला-सहारनपुर रेलमार्ग पर 21.48 करोड़ रुपए की लागत से नन्हेड़ा रेलवे ओवरब्रिज के उद्घाटन अवसर पर आपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा आज रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन किया गया है जिसका सभी को बहुत लाभ होगा। विज ने कहा कि अम्बाला छावनी पहले अम्बाला-सहारनपुर और अम्बाला दिल्ली रेलमार्ग पर रेल फाटकों की वजह से टुकड़ों-टुकड़ों में बंटा हुआ था, इस कारण यह आगे नहीं बढ़ पा रहा था। यहां रंगिया मंडी में रेलवे फाटक था जहां से लोग आगे नहीं आ सकते थे, इसी प्रकार घसीटपुर, शाहपुर और मच्छौंडा में रेलवे फाटक था जहां से आगे नहीं जा सकते थे। अब उन्होंने चारों जगह पर पुल मंजूर करवाए। शाहपुर में रेलवे अंडर पास बनकर तैयार हो चुका है, घसीटपुर में भी अंडरपास बनकर तैयार है जहां से जीटी रोड तक सड़क जुड़ेगी। इसी प्रकार आज रंगिया मंडी का रेलवे ओवर ब्रिज बनकर तैयार है जबकि मच्छौंडा में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द प्रारंभ किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि नन्हेड़ा फ्लाईओवर पहला रास्ता है जो रंगिया मंडी, नन्हेड़ा, मिलाप नगर, विद्यानगर व अन्य क्षेत्र के लोगों को फ्लाईओवर से सीधा अम्बाला छावनी के मुख्य सदर क्षेत्र से जोड़ेगा। इसका बहुत लाभ इस क्षेत्र के लोगों को होगा, पहले इस क्षेत्र को अम्बाला छावनी के बाहर का इलाका माना जाता था, मगर आज पुल बनने से यह भी अंदर का इलाका माना जाएगा क्योंकि फ्लाईओवर बनने से छावनी से सदर से जुड़ गया है। वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी से अम्बाला-सहारनपुर रेलवे लाइन, अम्बाला-दिल्ली रेलवे लाइन व जीटी रोड निकल रही है जिस कारण अम्बाला छावनी टुकड़ों-टुकड़ों में बंटा हुआ था और इसका विकास आगे नहीं बढ़ रहा था। यहां मच्छौंडा, शाहपुर, नन्हेड़ा व घसीटपुर में चार रेलवे फाटक थे, शाहपुर रेलवे फाटक से तो लोग इतने परेशान थे कि इसपर कहावत तक बन चुकी थी कि हुगरीब की किस्मत और शाहपुर रेलवे फाटक कभी-कभी खुलते हैंह। लोगों की इस समस्या को हल करने के लिए उन्होंने ओवरब्रिज व अंडरपास बनाने के लिए रेल मंत्री से मुलाकात की और इन्हें मंजूर करवाया। इनमें से तीन बन चुके हैं जबकि मच्छौंडा में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा।

## अटल कैंसर केयर सेंटर से लोग इलाज करवा हो रहे ठीक




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री तथा पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से बना अटल कैंसर केयर सेंटर अम्बाला छावनी ही नहीं अन्य राज्यों के लोगों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है। अम्बाला छावनी के खोजकीपुर निवासी 66 वर्षीय अश्विनी कुमार आज अपने परिवार के साथ कैबिनेट अनिल विज का धन्यवाद करने के लिए प्रातः उनके टी पॉइंट पहुंचे। अश्विनी कुमार ने बताया कि अप्रैल महीने में उन्हें गले के कैंसर पता लगा था। इसके बाद उन्होंने अंबाला छावनी में अटल कैंसर केयर सेंटर में अपना इलाज करवाया। उन्होंने बताया कि कैंसर सेंटर में उन्हें बेहतरीन ईलाज की सुविधाएं मिली और कल ही डॉक्टरों ने इलाज के बाद आई रिपोर्ट में उसे दुरुस्त बताया है। अश्विनी कुमार का कहना था कि कैंसर का इलाज करवाने में लोगों की जमीन बिक जाती थी और यह ईलाज काफी महंगा है। लोगों को कई-कई महीने इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता था, मगर अटल कैंसर केयर सेंटर उनके लिए और उन जैसे कई कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ है। अश्विनी कुमार आज अपने परिवार के साथ ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज के सदर बाजार स्थित टी-पॉइंट पर पहुंचे और वहां उन जैसे कई मरीजों की जान बचाने के लिए बनाये गए अटल कैंसर केयर सेंटर बनवाने के लिए धन्यवाद किया।

## कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में ऑनलाइन व्याख्यान का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:आज विश्व** विकलांग दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल के मैत्री कल्ब व पथ के साथी फाउंडेशन, द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गगनदीप कौर ने शिरकत की उन्होंने कहा कि विकलांग वर्ग समाज का अभिन्न अंग है हमें उन्हें समान अवसर उपलब्ध करवाने चाहिए। आज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर विकलांगता वेबसाइट के संस्थापक सम्यक ललित ने अपने विचार प्रस्तुत किये उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि हमारे समाज में विकलांग व्यक्तियों के प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण रखा जाता है इसमें परिवर्तन करना आवश्यक है। मैत्री क्लब के प्रभारी प्रोफेसर शब्बीर सिंह जी ने सभी विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन में स्वागत किया। डॉ सुनील थुआ ने कार्यक्रम का संयोजन व कुशल संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में नरेश नैन ने मुख्य वक्ता सहित सभी प्रतिभागियों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

## नर सेवा ही नारायण सेवाः यतींद्र शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज** कुरुक्षेत्र के श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा का प्रवास रहा। इस अवसर पर यतीन्द्र शर्मा व हिंदू शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ॰ऋषि राजवशिष्ठ, उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख रामकुमार, विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष अशोक रोशा, सदस्य जंग बहादुर ,महिला प्रतिनिधि रीटा, पूर्व छात्र वीरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया प्राचार्य अनिल मदान ने आए हुए अधिकारी गण का परिचय करवाया। इस अवसर पर यतींद्र शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें जीवन में सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए।अच्छा कार्य करने से अच्छा फल प्राप्त होता है। हमें अपने से बड़ों का सम्मान करना चाहिए। जिस स्थान पर बड़ों का आदर होता है वह स्थान स्वर्ग के समान सुखदायी होता है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा संघर्ष का रास्ता अपनाना चाहिए बिना कठिन मेहनत के जीवन में कुछ भी प्राप्त नहीं हो सकता हमें बड़े लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना चाहिए ,सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए ,ईश्वर ही सत्य का दूसरा रूप होता है उन्होंने सुब्रमण्यम भारती के बारे में बताया जो तमिलनाडु के महान कवि थे उन्होंने कहा हमें मानव सेवा करनी चाहिए,नर सेवा ही नारायण सेवा होती है इसलिए प्रत्येक मानव में ईश्वर विधमान है।उन्होंने विद्यालय का अवलोकन किया व पूर्व छात्रों से समाज व देश को जागरूक करने का आह्वान किया व अभिभावकों व शिक्षकों से भी बातचीत की इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया व उपाध्यक्ष अशोक रोशा ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख रामकुमार , वरिष्ठ आचार्य नरेंद्र कौशिक ,नीरज शर्मा ,रास बिहारी पांडे , पंकज गर्ग अनिल अरोड़ा व अन्य सभी आचार्य भैया -बहन व छात्र उपस्थित रहे।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन महोत्सव में दे रहा देशभक्ति का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :अंतर्राष्ट्रीय** गीता जयंती महोत्सव के दौरान नवीन जिन्दल फाउंडेशन के पैवेलियन में, हर साल 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाने के उद्देश्य से एक विशेष हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत कुरुक्षेत्र के सांसद श्री नवीन जिन्दल ने की थी, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया था। लोग तिरंगे के प्रति






अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए बड़े उत्साह के साथ हस्ताक्षर कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की पवित्रता और राष्ट्रीय ध्वज दिवस के प्रति जनजागरण का यह अनूठा संगम, लोगों में नई ऊर्जा और देशभक्ति का संचार कर रहा है।अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान सांसद नवीन जिन्दल की पहल एक सकारात्मक संदेश दे रही है और युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए भी प्रेरित कर रही है। इस अवसर पर श्री जिन्दल ने कहा था कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, समानता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य हर नागरिक में तिरंगे के प्रति सम्मान और गर्व की भावना जागृत करना है। यह हस्ताक्षर अभियान भारत सरकार से इस दिशा में की जाने वाली एक महत्वपूर्ण अपील है।

**अभियान**

**यह हस्ताक्षर अभियान भारत सरकार से इस दिशा में की जाने वाली एक महत्वपूर्ण अपील है**

## श्रीमद्भगवद्गीता भारत विश्व में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला आध्यात्मिक ग्रन्थ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : श्रीभगवद्गीता** लोगों को ईश्वर के प्रति गहरी प्रतिबद्धता और पूर्ण प्रेम का अनुभव करने के लिए दिव्य गुण और पवित्रता प्राप्त करना सिखाती है। गीता में सम्पूर्ण वेदों का सार निहित है गीता की महत्ता को शब्दों में वर्णन करना असम्भव है । यह स्वयं भगवान कृष्ण के मुखारविन्द से निकली है । यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह-2024 के उपलक्ष्य में आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के ग्यारहवे दिवस मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों के मध्य आयोजित गीता बाल संवाद कार्यक्रम में मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को अपना संदेश देते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुजरात प्रदेश के आयुष विभाग के पूर्व निदेशक डा. रणदीप सिंह ने किया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा श्रीमद्भगवद्गीता भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला आध्यात्मिक ग्रन्थ है । विश्व की लगभग सभी भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है । गीता में ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग व राजयोग के अतिरिक्त समत्वं योग, सन्यास योग, सांख्य योग, श्रद्धात्रय योग व मोक्ष का अद्भुत संगम है । गीता में कुल अठारह अध्याय हैं जिनमें कुल सात सौ श्लोकों का वर्णन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गुजरात प्रदेश के आयुष विभाग के पूर्व निदेशक डा. रणदीप सिंह ने कहा श्रीभगवदगीता हमें प्राचीन वैदिक भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपरा से परिचित कराती है। कार्यक्रम का संचालन मिशन के सदस्य शशांक ने किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## स्कूल यूनिफॉर्म और प्रोत्साहन राशि वितरण की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :मानव** मित्र मंडल, कुरुक्षेत्र ने ब्रह्मलीन प्रोफेसर राम रतन शर्मा जी के आशीर्वाद और प्रेरणा से मेधावी और पिता विहीन बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म और प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत किया गया, जिसमें भारतेंदु हरीश, मोहन लाल शर्मा और निकुंज आदि, मंडल के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है।

## निशुल्क फिजियोथैरेपी की दी जा रही हैं सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गीता जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के द्वारा स्टॉल नंबर 745 पर हेल्प डेस्क लगाकर निशुल्क सेवाएं दी जा रही है जिन में लगातार फ्री फिजियोथैरेपी करवाई जाती है, पीने के पानी की छबील लगाई गई है ,छोटे बच्चे बड़ों और जवानों के लिए खेलों का कार्यक्रम 1 मिनट शो रखा गया है। फर्स्ट एड किट विजेताओं को वितरित की जाती हैं, रविवार के दिन ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाएगा । कपड़ों का फ्री स्टॉल यहां पर मिलेगा जहां से जरूरतमंद अपनी जरूरत के कपड़े ले सकते हैं । समय-समय पर अन्य





संस्थाओं के साथ मिलकर जागरूकता अभियान के तहत सफाई व्यवस्था, प्लांट डोनेशन, कवि सम्मेलन, फिजिकल फिटनेस कंपटीशन आदि क्रियाएं गीता जयंती के अवसर के दौरान करवाई जाएंगी। फिजियोथैरेपी कैंप संचालक डॉ सोनिया चिकारा ने बताया कि अधिकतर बीमारियों का इलाज बिना दवाई आधुनिक मशीनों के द्वारा किया जा सकता है लेकिन उसके लिए लगातार फिजियोथेरेपी लेने की आवश्यकता रहती है। संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि और अन्य सेवाएं यहां पर लगातार जारी है। इस शुभ अवसर पर संस्था प्रधान अंगूरी लाल उप प्रधान लाल नितेश मंगल पूर्व प्रधान श्रवण कुमार, सतबीर सिंह फिजियोथैरेपिस्ट ,अनु डिंपल ,गगनदीप ,रक्त मंत्री मिथुन समाना व अन्य सहयोगी मौजूद थे।

**कैंप**

**जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के द्वारा स्टॉल नंबर 745 पर हेल्प डेस्क लगाकर निशुल्क सेवाएं दी जा रही हैं**

## पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत निरीक्षक को स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला** पुलिस कुरुक्षेत्र के उप निरीक्षक राम करण को निरीक्षक बनाया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा व पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मंडल अम्बाला से उप निरीक्षक राम करण को निरीक्षक पद पर पदोन्नत करने के आदेश प्राप्त हुए। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशों की पालना करते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने उप निरीक्षक रामकरण को स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि निरीक्षक गुलजार सिंह वर्ष 1989 में हरियाणा पुलिस विभाग में



सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। पुलिस प्रवक्ता मनजीत पांचाल ने बताया कि पदोन्नत हुए निरीक्षक रामकरण पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने पुलिस विभाग मे भर्ती होने पर बैच न0 41 मे मधुबन से सिपाही की ट्रेनिंग ली थी। फिर वर्ष 2005 मे उन्हे परमोशन देकर सिपाही से मु.सि बनाया गया। तथा वर्ष 2016 मे वह एएसआई पद पर परमोशन मिली। वह वर्ष 2009 से 2012 तक कार्यालय पुलिस अधीक्षक मे बतौर ईन्चार्ज आरटीआई के पद पर नियुक्त रहे। उसके बाद वह वर्ष 2012 से 2016 तक सीआईडी/आई आर बी मे भी रहे तथा वर्ष 2017 से लेकर 2022 तक वह कार्यालय पुलिस अधीक्षक मे बतोर एसी-1 के पद पर नियुक्त रहे फिर 2022 से लेकर 2024 तक वह ईन्चार्ज सीआरओ के पद पर कार्यरत रहे। उन्होने पुलिस विभाग मे रहते हुए उन्होने एलएलबी, एम.ए इंगलिश वा पीजीडीटी की परीक्षा भी उत्तिर्ण की। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक रामकरण को प्रमोशन की बधाई देते हुए कहा की अब उनकी जिम्मेवारियां भी बढ़ी हैं, इसलिए अपने पद की गरिमा बनाए रखें तथा और ज्यादा मेहनत करते हुए ईमानदारी और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

**जिम्मेदारी**

**पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मंडल अम्बाला से उप निरीक्षक राम करण को निरीक्षक पद पर पदौन्नत करने के आदेश प्राप्त हुए**

## जीओ गीता वेलनेस सेंटर महोत्सव में दे रहा है पर्यटकों को आयुर्वेद पद्धति की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में हॉस्पिटल एंड इन्सिटयूट ऑफ इंटीग्रेटेड मेडिकल साइंस डेराबस्सी एवं जीओ वैलनेस गीता ज्ञान संस्थान द्वारा संयुक्त तत्वाधान में ब्रह्मसरोवर के तट पर स्टॉल नंबर 108 व 109 पर पुरुषों एवं महिलाओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों की आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज बारे विस्तार से जानकारी दी जा रही है। यह शिविर 15 दिसंबर 2024 तक आयोजित होगा। ब्रह्मसरोवर के उत्तर दिशा की ओर स्टॉल पर बने जीओ वैलनेस जीना सीखो शिविर में डॉ. भूमिका ने बताया कि हॉस्पिटल एंड इन्सिटयूट ऑफ इंटीग्रेटेड मेडिकल साइंस डेराबस्सी की देश के विभिन्न स्थानों पर काफी शाखाएं खुली हुई है और इन शाखाओं के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद पद्धति से विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि गीता महोत्सव में स्टॉल नम्बर 108 व 109 पर लगे शिविर के में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा पर्यटकों को जोड़ो के दर्द, अस्थमा, खांसी, आंखों के रोग, घुटनों का दर्द, पेट की बीमारियों, रीढ़ की हड्डी के रोग व पित्त व त्वचा आदि शरीर में होने वाली बीमारियों की जांच कर आयुर्वेदिक आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा जांच कर दवाइयां दी जाती है। इस शिविर में रोगियों का पंजीकरण निःशुल्क किया जा रहा है।

**वैलनेस**

**जोड़ो के दर्द, अस्थमा, खांसी, आंखों के रोग, आदि शरीर में होने वाली बीमारियों से अवगत करा रहे**

# मूसेवाला केस के दोषी गांव सेरसा के बदनाम बदमाश के नाम से मिलाई करने के सात आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:पंजाबी गायक** संगीतकार मूसेवाला के दोषी गांव सेरसा के कुख्यात बदमाश सेरसा के नाम पर कुंडली क्षेत्र में ओबाही जाने का मामला सामने आया है। स्मारक सेरसा लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है। उनके नाम पर होटल लीडर से चार लाख की रंगदारी के शौकीन और साढ़े नौ8 हजार रुपये वसूलने के मामले में मुकदमा दर्ज कर स्पेशन एंटी न्यूट्रिशनल यूनिट ने सात सिद्धांतों को महत्व दिया है। वसीयत को अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस द्वारा सौंदर्य प्रसाधन पर भेजा जाता है। डूबने की अवधि




के दौरान एनालम से पूछताछ की जा रही है। स्पेशल एंटी आर्किट यूनिट के महानिदेशक अजय धनखड़ ने बताया कि 1 दिसंबर को क्रैनल के होटल लीडर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह तीनों मिलकर होटल शुरू कर रहे हैं। 14 नवंबर को गांव सेरसा निवासी सागर, राठधना निवासी संदीप और उनके सात-आठ दोस्त होटल में आए थे। उन्होंने रिजर्व डेंजरस देते हुए चार लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि ये रुपये उन्हें पंजाब की जेल में बंद करके अपने दोस्त को स्मारक ले गए हैं। हमारी एक आपराधिक टीम है। होटल डीलर्स ने आरोप लगाया था कि आपके पोर्टफोलियो के लिए 43 हजार रुपये खर्च किए गए थे। उन्होंने अपने साथी यूपी के रहने वाले युवाओं से 53 हजार रुपये और तीसरे दोस्त से पैसे के लिए हजारों रुपये छीने थे। होटल संचालक ने आरोप लगाया कि युवक से इसी तरह के अन्य सामान से भी नाम पर ड्रेकर के पैसे वसूले जाते हैं। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में उनके नेतृत्व में यशवीर, नोएडा, अमित, कृष्ण, विक्रांत, अमित, प्रदीप, कृष्ण, चित्र, प्रवीण, चांद, विनोद, सुमित और अंकित और मंजीत की टीम बनी थी। टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए स्मारक के दोस्त सेरसा के सागर सहित सात मोहल्ले को गिरफ्तार कर लिया है।

**यह बनाया गया गिरफ़्तार:** पुलिस टीम ने मामले में गांव सेरसा के सागर नीक सेठी, मूलरूप से गांव राठधना निवासी संदीप, मूलरूप से गांव कंसाला हाल रिआलिटीगढ़ निवासी मोहित खोखर, गांव खेवड़ा से निवासी रोहित और अमित, मूलरूप से मूलरूप के गांव सनौली के निवासी सत्यनारायण पटेल नगर निवासी सागर कुमार , पॉलीन मोनाली रेजिडेंट पंकज है।

# नगर निगम शिविर में 26 शिकायतों में से 10 का हुआ समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: नगर** निगम, अम्बाला शहर मे आयुक्त की अध्यक्षता मे समाधान शिविर लगाया गया। जोकि निरन्तर जारी है जिसका समय सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सरकार की हिदायतो के अनुसार लगाया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता नगर निगम सुयक्त आयुक्त नगर निगम अम्बाला द्वारा की गई। इसमे 26 शिकायते प्राप्त हुई जिस मे से 10 शिकायतो का समाधान करवाया गया। इस कैम्प मे सुबह 9 बजे से शहर वासियो का आना शुरू हो गया था। इस कैम्प मे सयुक्त आयुक्त नगर निगम अम्बाला,द्वारा शहरवासियो की समस्याओ को सुना गया व अधिकारियो को समस्याओ का समाधान जल्द से



जल्द करने हेतू कहा गया। उनके द्वारा कहा गया कि इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य अम्बाला शहर के लोगो को प्रोपर्टी आई.डी., जन्म-प्रमाण पत्र, विकास शुल्क व नगर निगम से सम्बन्धित कोई भी समस्या आ रही है। उन समस्याओ का समाधान करना है। यह कैम्प नगर निगम कार्यालय व उपायुक्त कार्यालय मे प्रत्येक कार्य दिवस मे लगाया जा रहा है। अम्बाला शहर वासियो को सूचित किया जाता है कि आप इस कैम्प मे प्रत्येक कार्य दिवस में आकर अपनी नगर निगम से सम्बन्धित कोई भी समस्या का समाधान करवा सकते है।

## न्यूज फ्लैश

### विधायक मंजू चौधरी का धन्यवादी दौरा जारी

टीम एक्शन इंडिया/लालचंद
**नांगल चौधरी** की नवनिर्वाचित विधायक मंजू चौधरी का ग्रामीण आंचल में धन्यवादी दोरों का कार्यक्रम आज भी जारी रहा। इस क्रम में आज लुजोता, मेघोत हाला, नांगल दरगू, गोलवा, हरनाथ की ढाणी,गांगूताना,डोयाला, बांयल, रावता की ढाणी, सहित लगभग एक दर्जन गांव का दौरा किया। मंजू चौधरी ने लोगों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा,आपके आशीर्वाद से मैं विधायक बनी, मैं और मेरी पूरी टीम आपका दिल से धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर उनके साथ रतन लाल सैनी, राजेश रावत, महेश सोडा, सतीश रावत, प्रवीण चौधरी,झाबर ठेकेदार, गोपी डॉक्टर,नरेश कसाना,रतिराम कसाना,देवा गुर्जर , अशोक गुर्जर,सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कमल विहार के शिव बहादुर का शव नाले में मिला

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला: अंबाला सिटी** में जैन कॉलेज रोड पर बुधवार सुबह 8 बजे नाले में व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान कमल विहार निवासी 48 वर्षीय शिव बहादुर के रूप में हुई है। शव एफसीआई गोदाम के पास बने नाले से मिला है। मृतक के बेटे 17 वर्षीय आयुष ने बताया कि पिता मनियारी की दुकान पर काम करते थे। मंगलवार रात से ही पिता घर से लापता थे। परिजनों ने मिलकर रात 2 बजे तक उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल पाया था। जैन कॉलेज रोड से जा रहे एक युवक ने शव के बारे में पुलिस को सूचना दी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव को सिटी नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था। जिसके बाद आज शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### रेलवे स्टेशन के पास मिला युवा का शव

सोनीपत
**यंग रेलवे स्टेशन** प्लेटफॉर्म नंबर-5 के पास संदिग्ध समस्या में युवक का शव मिला। सरकारी रेलवे पुलिस विभाग की ओर से दी गई जानकारी। जहां शव को व्यवसाय में लेकर सिविल अस्पताल में रखा गया। पुलिस मृतक की पहचान की कोशिश कर रही है। ताकि आगामी अमल आमल में आ जाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरकारी रेलवे पुलिस में इंजीनियर महिला विशेषज्ञ ने बताया कि उन्हें प्लेट फॉर्म नंबर-5 पर युवाओं का शव मिला है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौसे पर। जहां आस-पास से अपलोड किया गया। उसके बाद शव को व्यवसाय में लेकर सिविल अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। मृतक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। मृतक की उम्र करीब 36 साल के करीब है। पहचाने जाने के बाद आगामी एक्शन अमल में आ जाएगी।

### सुखबीर सिंह बादल के प्रति जनता में अब भी आक्रोश है, लेकिन उन पर हमला करना गलत है : मिसल सतलुज

**अमृतसर: मिसल** सतलुज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह बराड़ ने सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले के प्रयास की निंदा की और इसे हालात और समय को देखते हुए गलत कदम बताया। बराड़ ने कहा कि श्री दरबार साहिब के अंदर सुखबीर सिंह बादल पर हमला करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुखबीर सिंह बादल श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार सेवा कर रहे थे, और इस सेवा के दौरान उन पर गोली चलाना इन आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि सुखबीर सिंह बादल के साथ व्यक्तिगत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन प्रायश्चित के दौरान किसी भी व्यक्ति पर हमला करना अत्यंत अनुचित है। उन्होंने यह भी कहा कि सुखबीर सिंह बादल के साथ व्यक्तिगत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन प्रायश्चित के दौरान किसी भी व्यक्ति पर हमला करना अत्यंत अनुचित है। बराड़ ने आगे कहा कि पंजाब के गृह मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, सुखबीर सिंह बादल ने आम जनता पर अत्यधिक अत्याचार और उत्पीड़न किया, जिसके कारण आज लोग उनके प्रति गुस्सा रखते हैं। हालांकि, इस गुस्से को ऐसे हमले के रूप में व्यक्त करना उचित नहीं श्री अकाल तख्त साहिब के सिंह साहिबानों द्वारा किए गए एक ऐलान के बाद, जिसमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को "तनखैया" (धार्मिक प्राधिकरण द्वारा दोषी घोषित व्यक्ति) घोषित किया गया, उन्हें श्री दरबार साहिब, अमृतसर के गेट पर सेवा करके प्रायश्चित करने का आदेश दिया गया। सुखबीर सिंह बादल ने कल इस प्रायश्चित को पूरा करना शुरू किया।



# कांपलेक्स में किया गया मिलेट्स मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**रिफाइनरी स्थित** सीआईएसएफ कांपलेक्स में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सदस्यों की गृहणियों द्वारा बनाए गए मोटे अनाज के (मिलेट्स) व्यंजनों का मेला लगाया गया। मिलेट्स मेले का उद्घाटन महाप्रबंधक मानव संसाधन विवेक नारायण और कमांडेंट सीआईएसएफ विजय कुमार द्वारा रीबन काटकर किया और मेले का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और जवानों को ज्वार, बाजरा, रागी, कलमी, चेना, कुलथी, कोदो, जंगोरा आदि मोटे अनाज से बने भोजन के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि



मोटे अनाज से बना भोजन पाचन में मददगार होता है। इसमें उच्च मात्रा में फाइबर होता है। मोटे अनाज में मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे खनिज होते हैं, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और हृदय को स्वस्थ रखते हैं। मोटा अनाज मधुमेह को नियंत्रण करता है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिसका मतलब है कि यह रक्त शर्करा के स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाता है। यह मधुमेह के रोगियों के लिए फायदेमंद होता है।

इसमें कैल्शियम और फास्फोरस जैसे मिनरल्स होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

इसलिए हम सभी को जान लेना चाहिए कि मोटे अनाज से बना भोजन बहुत ही स्वस्थ और पौष्टिक भोजन होता है। जिसे हमें रोजमर्रा की डायट में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक संजय शर्मा, कमांडेंट विजय कुमार, मीनू चौधरी, डिप्टी कमांडेंट एनएफएल एस.एस.नेगी, डिप्टी कमांडेंट थर्मल ए.पी.मनोज, सहायक कमांडेंट पुष्पा देवी आदि सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और बल सदस्य उपस्थित रहे।

# कल किसान दिल्ली कूच करेंगे, तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: 6 दिसम्बर** को दिल्ली कूच के लिए किसान लगातार जनसंपर्क अभियान चलाए हुए हैं। किसान प्रशासन की तरफ से हरी झंडी की उम्मीद में है। किसानों का कहना है कि वह दिल्ली तक पैदल कूच करेंगे और प्रशासन उन्हें जहां भी बैठकर प्रदर्शन करने की इजाजत मिलेगी वहीं प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने आम जनता से भी उनका सहयोग करने की अपील की। किसानों का कहना है कि किसानों की एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्ज मुक्ति समेत 12 मांगें हैं, जिनके हल होने तक आंदोलन जारी रहेगा। फिर चाहे इसमें कितना लंबा समय लग जाए या फिर कितनी ही कुर्बानियां क्यों न देनी पड़ें। किसान इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। किसानों ने बताया कि फरवरी महीने से वो शंभू, खन्नौरी बॉर्डर पर अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। जिसके कारण सरकार ने हरियाणा में जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया है। जिसके कारण आम जनता, व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर सरकार अब उन्हें दिल्ली जाने की परमिशन दे देती है तो वे दिल्ली जाकर रामलीला मैदान या फिर जो भी जगह सरकार उन्हें देगी वहां अपनी मांगों के लिए धरना जारी रखेंगे।

## महोत्सव में डीएलएसए आमजन को दे रहा है कानूनी जानकारियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** 4 दिसंबर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर स्टॉल नंबर 52-53 लगाई है। जिसके तहत आमजन को पैनल अधिवक्ता द्वारा कानूनी जागरूकता के बारे में बताया जा रहा है और साथ ही उन्हें बुकलेटस और पंपलेट देकर जागरूक किया जा रहा है। इस स्टॉल पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को सीजेएम द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया जा रहा है।

# रोहतक जोन की उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही आज होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : उपायुक्त** डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि रोहतक जोन में आने वाले जिलों सोनीपत, करनाल, पानीपत, झज्जर तथा रोहतक के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को समाधान करने के लिए उपभोक्ता शिकायत मंच द्वारा 05 दिसंबर को प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय चौथी मंजिल राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कांफ्रेंस हॉल लोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी। उन्होंने बताया कि रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से संबंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निपटान किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरुपयोग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छ: महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी। इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष लंबित नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 05 दिसंबर को दिल्ली रोड़ स्थित मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय चौथी मंजिल राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कांफ्रेंस हॉल में होने वाली कार्यवाही में सम्मिलित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

## कारों में गाड़ी का शीशा नीचे कर हुई चोरी

**सोनीपत: राय** थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर ढाबे के सामने खड़ी कार का शीशा शोरूम, हजारों दिग्गजों की राशि और अन्य देशों के सामान सहित चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में सोसायटी की रिकार्डिंग रिकार्डिंग जारी है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। यूपी निवासी रतुल कश्यप ने बताया कि वह अपनी कार में अपनी पत्नी के साथ चंडीगढ़ जा रहा था। गत 2 दिसंबर को वह रात करीब आठ बजे राय के पास ढाबे पर रुक गया। गाड़ी को ढाबे के सामने खड़ा करके शौच करने के लिए ढाबे पर चला गया।

# युवाओं की हत्या करने वाले दो आरोपियों की गिरफ्तारी, कोर्ट में पेशी

### आतंकियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : रिस्टोरगढ़ थाईलैंड** की पुलिस ने प्लाट विवाद में युवाओं की हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ज्ञानेंद्र व रामनिवासी दीपालपुर का है। पुलिस ने एनाउंस को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस द्वारा सौंदर्यीकरण के लिए भेजा गया है। डूबने की अवधि के दौरान एनालम से पूछताछ की जा रही है। मुकीनपुर गांव के निवासी मुकेश ने गत 18 नवंबर को पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका एक बेटा और एक बेटी हैं। वह 16 नवंबर को अपने मामा के घर कटवाल में शादी समारोह में गई थीं। 17 नवंबर को उनके पति कैप्टन (50) ने फोन कर बताया कि गांव के पड़ोस में उनके सलाहकार हैं। ऑउड्राइस के साथ उनके भाई सप्लायर और उनके एक दोस्त भी हैं। वह खतरनाक दे रहे हैं कि तुम जान से मारोगे। जिसके बाद उन्होंने अपने घर का निरीक्षण किया तो उनके पति का खून से लथपथ शव घर पर मिला। उनके शरीर पर चोट के निशान थे। मुकेश ने बताया कि उनके भाईजान बलबीर ने उन्हें जानकारी दी कि रात करीब साढ़े 11 बजे गांव के मजदूर, आदिवासियों और एक अन्य कैप्टन को घर के बाहर फेंककर चले गए। वह सफेद रंग की गाड़ी में आये थे। बलबीर ने बताया कि जाते-जाते उन्हें भी मारने की धमकी दी जाती है। पुलिस ने इस मामले में आतंकियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## अवैध हथियार सहित गिरफ्तारी

**सोनीपत : क्राइम** यूनिट सेक्टर-27 नोएडा पुलिस ने अवैध हथियार समेत आरोपी जय भगवान को गिरफ्तार किया है। मुकदमे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषियों को रिहा कर दिया गया। यूनिट में तैनात सिपाही अजय ने बताया कि उनकी टीम के प्रशिक्षु सिलाना से बिधलान के दौरान मौजूद थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों पर आरोप लगाया गया। उसके पास से एक बंदूक बरामद हुई। जांच अधिकारी न्यू ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उसके बाद उसे अदालत में पेश किया गया।

# घर से सोना-आभूषण व बेकार की चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर थाना** क्षेत्र के गुड़ मंडी स्थित इंद्रलोक स्थित मकान से सोने-आश्रम व लूट की चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने केस को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के लिए कोयले का पता क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग रिकार्डिंग जारी है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। इंद्रलोक निवासी हरिओम अत्री ने बताया कि वह तीस हजार कोर्ट से रिटायर हो चुके हैं। वह 28 नवंबर को परिवार के साथ उत्तर प्रदेश में अयोध्या गये थे। उनके किरायेदार ने 1 दिसंबर को कॉल कर जानकारी दी कि उनके घर के ऊपर का दरवाजा खुला है। उन्होंने वापस आकर देखा तो मेन गेट कालॉक बंद था। घर के अंदर गए तो सामान बिखरा हुआ था। गैलरी से सोने की चेन, तिजोरी से सोने की अंगूठी, तीन सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पाजेब और 25 हजार रुपये की चोरी मिली। केस को ले कर पुलिस को अवैधानिक।

पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में सीसीटीवी की रिकार्डिंग चल रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाएगा आने वाली फिल्म आमल में।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ की रीढ़ की हड्डी में रुकावट के कारण मरीज वापस लौट आए

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिटीजन हॉस्पिटल** में प्रबंधन की विविधता के चलते कई दिनों तक चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की ओर से स्पेशलिस्ट व्यवसायियों के उद्यमों को आपातकालीन स्थिति सहित शिविरों में रखा जा रहा है। जिस हॉस्पिटल में आने वाले को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मरीज बिना इलाज के ही अस्पताल से वापस आकर जबरदस्ती हो रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सक इस संबंध में प्रबंधन के सामने विरोध तक जताता है।

> प्रबंधन की ओर से आपात्कालीन वयोवृद्ध उद्यमों की योजना जारी की गई है। किस खाते से कर्मचारी की मित्रता जा रही है। व्यवसाय के उपचार के लिए प्रबंधन की ओर से हर जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है। किसी को कोई परेशानी नहीं दीखता।
>
> **डा. गिन्नी लांबा, प्रधान चिकित्सक अधिकारी सिविल अस्पताल।**

उसके बावजूद कोई प्रबंधन सुध नहीं ले रहा है। बता दें कि सिटीजन हॉस्पिटल में मौजूदा समय 2000 के करीब एक्वायर अपॉइंटमेंट है। हड्डी विभाग की बात करें तो हर रोज 400 के करीब संख्या है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से हड्डी रोग विभाग में दो ग्राहकों की स्थापना की गई है।

मंगलवार को अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ को परेशानी का सामना करना पड़ा और जबरन पेश किया गया। विभाग में एक चिकित्सक अवकाश पर चला गया।

# चावल के कट्टे की चोरी करने की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: रिवायतगढ़** थाईलैंड पुलिस ने चावल के कट्टे की चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद नाजिम निवासी यूपी व निवासी ईश्वर तरावड़ी करनाल का है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस द्वारा सौंदर्य प्रसाधन पर भेजा गया है। अपडेट की अवधि के दौरान पूछताछ की जा रही है। अशोक विहार निवासी रियाद ने गत 2 दिसंबर को पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गत 24 नवंबर को गाड़ी चालक नाजिम व परिचालक ईश्वर निवासी तरावड़ी करनाल से माल प्लाजा रेजीमेंट से कैथल गए थे। उसके बाद अगले दिन गाड़ी को बहाल करने के लिए पूरी पार्टी हो गई। गाड़ी के अंदर सामान की जांच की जाए तो इसमें 15 कट्टे चावल गायब मिलेंगे। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी. पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

सिपाही यशपाल की टीम ने दोनों मैथ्यू को फिजियो कर लिया। क्रिश्चियन को कोर्ट में पेश कर दिया गया प्रस्ताव की अपील। कोर्ट ने कहा कि एक दिन के पुलिस अधिकारी ने सोमनाथ को एक पत्र भेजा है।

# पीर पर हुई कार्रवाई को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अंजुमन इस्लाहुल** मुस्लिमीन सोसायटी अंबाला ने सिटी मजिस्ट्रेट को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अंबाला शहर पंचायत भवन के पास सदियों पुरानी दरगाह (पीर) शाह औलिया चिस्ती के ढांचे को बचाने की गुहार लगाई है। शाह औलिया चिस्ती के मुख्य सेवक अकबर अली साबरी ने बताया कि उसका परिवार कई पीढ़ियों से यहां रहकर पीर की खिदमत कर रहा है। वहीं अंबाला और आस पास के इलाकों से लोग यहां माथा टेककर अपनी मुरादे मांगते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से अंबाला के ही कुछ लोग पीर मजार को नुकसान पहुंचाने के लिए लोगों को उकसा रहे हैं और मजार पर आने वाले श्रद्धालुओं से भी गलत व्यवहार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए माहौल खराब करने पर उत्तावले हो रहे हैं। वहीं सरकारी संस्थाओं पर दबाव डालकर सड़क की चौड़ाई को बढ़ाने के लिए मजार की चारों तरफ बनी बाउंड्री को तुड़वाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि 2004-2015 में पीर के हक में दीवानी अदालत का फैसला आ चुका है, उसके बावजूद पुराने फैसलों को दरकिनार करते हुए पीर के बुनियादी ढांचे को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम ने गलत निशानदेही लेकर मजार की पश्चिमी चारदिवारी गिरवा दी और अब बाकी ढांचे को भी गिरवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं इस संबंध में सोशल मीडिया, अखबार में झूठे ज्ञापन देकर प्रार्थी पर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है।

# नरेला: समाजसेवी प्रदीप रामनारायण भारद्वाज ने गरीबों व असहायों में बांटे कंबल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली के** नरेला में स्वतंत्र नगर स्थित अपने कार्यालय में प्रसिद्ध समाजसेवी व भाजपा युवा नेता प्रदीप रामनारायण भारद्वाज ने एकाएक बढ़ती ठंड से रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड व सड़क के किनारे ठिठुर रहे गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरण किया।

सोमवार को स्टेशन, बस स्टैंड तथा मंदिर के बाहर कंपकंपा देने वाली ठंड में असहायों के बीच कंबल वितरण करना एक साहसिक कदम है।

रात के अंधेरे में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में दुबका हों, ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुधि ली और समाजसेवी श्री भारद्वाज ने बाहर निकल गरीबों का दर्द समझ सैकड़ों गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटे। कंबल वितरण के दौरान समाजसेवी श्री भारद्वाज ने कहा कि गरीबों व असहायों की मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंगा। तबसे मैं सार्वजनिक स्थलों पर घूम-घूम कर जरूरतमंद व असहायों के बीच गर्म कपड़े व कंबल का वितरण कर रहा हूं। कंबल वितरण को बांकनेर के पूर्व निगम पार्षद व नरेला जोन के निवर्तमान चेयरमैन रामनारायण भारद्वाज ने सराहनीय कदम बताया। कहा जाता है कि जिसका कोई सहारा नहीं होता उसका भगवान ही सहारा होता है।

एक ओर जहां ठिठुरती ठंड में रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते है। लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंडी रात गुजारते है। असहायों पर सबकी दया नहीं होती बल्कि भगवान की जिस पर कृपा होती है, वही इस तरह के पुण्य कार्य करते हैं।

कंबल वितरण दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





## माता साहिब कौर यात्री निवास संगत को समर्पित

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा बाला साहिब में माता साहिब कौर यात्री निवास संगत को समर्पित की गई। इस सेवा का कार्य तरलोचन सिंह वीरजी झाडू वाले जत्थे द्वारा किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका, सरदार जगदीप सिंह काहलों और गुरुद्वारा साहिब के चेयरमैन तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि गुरु घर में जहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब की गुरबाणी का प्रचार और प्रसार होता है, वहीं निशान साहिब का मतलब यह होता है कि यह मानवता और गुरु साहिब का घर है।

# भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस भारत ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारतीय** वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस भारत ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की और उनको एक ज्ञापन भी सौंपा।

इस मौके पर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस भारत के स्वामी चंद्रपाल आनार्य जी धर्म गुरु/राष्ट्रीय सर्वोच्च निर्देशक, राष्ट्रीय मुख्य संचालक विरोतम शिव कुमार बिड़ला, राष्ट्रीय निर्देशक वीर नरेश धींगान, राष्ट्रीय महामंत्री वीर राज कुमार साथी, वीरांगी लतिका शर्मा (राष्ट्रीय महिला कोषाध्यक्ष) भाजपा, डॉ विपिन पिव्हाल अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, वीर सत्येंद्र सिरस्वाल (उपाध्यक्ष) दिल्ली प्रदेश मौजूद रहे। इस दौरान स्वामी जी ने भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज का मांग पत्र दिया और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का समय भी लिया गया। भावाधस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन पिव्हाल ने बताया कि मांग पत्र में दी गई मुख्य बातें में यह मांग की गई कि भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर पूरे भारत में राष्ट्रीय अवकाश घोषित हो, ऑडियो-विजुअल के माध्यम से समय-समय पर होने वाले वाल्मीकि जी के अपमान को रोकने के लिए संसद में विशेष कानून लाया जाए, जैसा की 18 मई 1998 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने हमारे प्रतिनिधिमंडल के साथ मीटिंग के दौरान वादा किया था। पूरे देश में सफाई के कार्य को ठेकेदारी प्रथा से खत्म की जाए। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपकी जो भी मांगे है, उस पर ध्यान दिया जायेगा।





# नरेला विधानसभा क्षेत्र में भगवा क्रांति पदयात्रा का हुआ आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली के** नरेला में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के आह्वान पर प्रमुख सामाजिक संस्था विजय पथ फाउंडेशन द्वारा भगवा क्रांति हिन्दू पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा नरेला रामदेव चौक से शुरू हो कर झंडा चौक, इंद्रा कालोनी, गौतम कालोनी मामूर पुर, बागडी महोला, मंगला चौक, अनाज मंडी से होते हुए राम मंदिर में जा कर समाप्त हुई। यात्रा में बटेंगे तो कटेंगे, एक है तो सेफ है के नारों से नरेला गूंज उठा। मुख्य रूप से पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, जाट महासभा जिला अध्यक्ष प्रदीप खत्री, पूर्व निगम पार्षद मोहन भारद्वाज, मुकेश मान, दीपक अजीत खत्री, प्रदीप भारद्वाज, आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हुए।

पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने बताया कि बाबा बागेश्वर की यह सनातन पद यात्रा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने, गऊ हत्या पर रोक लगाने, सनातन बोर्ड गठन की मांग को लेकर निकाली जा रही है। इस मौके पर विजय पथ फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय भगत अंकु, महासचिव दयानन्द चौरसिया, संरक्षक डॉक्टर एस पी जून, संयोजक पुतल श्रीवास्तव और विजय पथ फाउंडेशन की युवा टीम रवि रंजन सोनू, सुशील कुमार विक्की, प्रेम, स्वीटी, दीपा संस्था के कार्यालय सचिव रामबाबू, कोषाध्यक्ष निशी कांत झा संध्या सिंह, प्रसिद्ध समाजसेवी सागर सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने पुनर्वास कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक का दिया आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने घोषणा की कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के सहयोग और समर्थन से 2025 में सत्ता में आने के बाद दिल्ली की पुनर्वास कालोनी के लाखों लोगों को मालिकाना हक देने का काम करेगी, जो उनका अधिकार है। आम आदमी पार्टी और भाजपा की अनदेखी और निष्क्रियता के चलते दशकों से पुनर्वास कालोनियों में रह रहे लोग दयनीय परिस्थितियों में जीने को मजबूर है, कांग्रेस इन गरीब लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाएगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान लोगों की पीड़ा सुनने और दिल्ली की पुनर्वासित कॉलोनियों की दयनीय हालात खुद देखने के बाद महसूस हुआ कि गरीब लोग नकरीय जीवन जी रहे है, जबकि लोकतंत्र में सबको बराबर अधिकार है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास कालोनियों में रहने वाले लोग मूल सुविधाओं तक के लिए तरस रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा पुनर्वासित कालोनियां के लोग मालिकाना हक मिलने के बाद यहां खरीद फरोख्त कर सकते है।

# पूर्व डिप्टी सीएम पर जानलेवा हमले पर केजरीवाल की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है: बाँसुरी स्वराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा की मंत्री और नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने संवाददाता सम्मेलन में मांग की आम आदमी पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल अपनी चुप्पी तोड़ें और अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर में पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सरदार सुखबीर सिंह बादल पर गोली चलने की घटना पर देश भर के पंजाबियों को जवाबदेह है। प्रेसवार्ता का संचालन कर रहे हैं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि हर मुद्दे पर सवाल उठाने और उस पर राजनीति करने वाले अरविंद केजरीवाल आज पंजाब में हुई घटना पर चुप्पी साधे हुए हैं। बांसुरी स्वराज ने कहा कि आज अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान से मेरा सीधा सवाल है कि अगर आप पंजाब में एक पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्ण मंदिर परिसर में सुरक्षित नहीं है तो पंजाब के लोगों की सुरक्षा कैसे होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार अगर यह सुनिश्चित नहीं कर सकती कि स्वर्ण मंदिर के परिसर में ऐसी घटना ना हो तो फिर उनसे आम जानता क्या उम्मीद करें। स्वराज ने कहा है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार आने के बाद महिलाओं से जुड़े अपराधों में 10% से अधिक की वृद्धि हुई है और महिलाओं पर हुए मामलों में सजा निर्णय दर 20% से भी कम है।

बांसुरी स्वराज ने कहा कि आम आदमी पार्टी का अगर ट्रैक रिकॉर्ड पंजाब में देखा जाए तो उसने सुरक्षा के नाम पर अभी तक कुछ खास किया नहीं है इसलिए पंजाब हाई कोर्ट को बार बार पंजाब सरकार को वहां की पुलिस को वहां की इन्वेस्टिंग एजेंसियों को लताड़ लगानी पड़ रही है।



# सुनहरे अल्फाज मंच ने किया काव्य संगम श्रृंखला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** शास्त्री नगर इलाके के पोएम एंड कहानियां स्टूडियों में सुनहरे अल्फाज मंच के सौजन्य से काव्य संगम श्रृंखला-2 का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आगाज संस्था के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने अरदास कर-के की। तत्पश्चात डॉ रजनी शर्मा चंदा ने मां सरस्वती की वंदना की।

कार्यक्रम का शानदार संचालन लोकप्रिय कवयित्री प्रेरणा सिंह और संस्था के उपाध्यक्ष एवं शायर नवीन बग्गा ने किया। महासचिव पंकज ने सभी अतिथियों के स्वागत में अपना उद्बोधन दिया। संस्था की तरफ से सभी आमंत्रित कवियों को पटका पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पहले कवि के रूप में आशु कवि विकास मिश्र ने दो मुक्तक पढ़ा और मूक प्रेम विषय पर अपनी कविता सुनाई। शायर संजय कुमार गिरि ने बेटियों पर संदेशात्मक मुक्तक पढ़ा और बेहतरीन गजल कही, जिसे खूब सराहा गया। गोल्डी गीतकार ने एक हास्य कविता पढ़ कर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी तो वही, हशमत भारद्वाज ने तरन्नुम में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी जिसकी सभी ने तारीफ की।



## गुरमति ज्ञान मुकाबले का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंजाब में अपने धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन सरदार मनजीत सिंह भोमा के प्रयासों से गाँव अड्डा वणीयके में धर्म जागरूकता अभियान के अंतर्गत श्री गुरु रामदास सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिला श्री अमृतसर साहिब में गुरमति ज्ञान मुकाबलों का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि अकाल पुरख की कृपा से दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने पंजाब में अपने धर्म प्रचार प्रमुख सरदार मनजीत सिंह भोमा की अगुवाई में सिखी से दूर हुए लोगों को पुनः गुरसिखी जीवन से जोड़ने के लिए बड़े प्रयास किए हैं।

# परिवर्तन यात्रा योजना के तहत मुकुंदपुर में हुआ बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव को देखते हुए दिल्ली भाजपा द्वारा आगामी आठ दिसंबर को दिल्ली की सभी विधानसभाओ में चलाई जाने वाली परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा द्वारा बैठकों का दौर जारी है। जिसमें भाजपा द्वारा मंडलों व जिलों में लगातार अपने कार्यकर्ताओं संग बैठकें कर योजना बना रहें है।

इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 में स्थित मंडल कार्यालय 60 फूटा अथॉरिटी रोड़ प्रगति एनक्लेव पार्ट-2 में मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन मुकुंदपुर वार्ड अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद गुलाब सिंह राठौर, विधानसभा प्रभारी अनिरुद्व मिश्रा, विधानसभा विस्तारक प्रमोद बिष्ट, शक्ति केंद्र प्रमुखों के साथ-साथ कई पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। इस मौके पर गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि आप की सरकार ने दिल्ली की जनता के साथ बड़ी ही चालाकी के साथ छल किया है व दिल्ली के लोगों को फ्री-फ्री का लालच देकर अपने झांसे में लिया है। लेकिन अब दिल्ली की जनता दिल्ली में केजरीवाल सरकार को बॉयकॉट करेगी व भाजपा की सरकार को दिल्ली में देखना चाहती हैं। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा ने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लोगों से संपर्क साध रहें है दिल्ली सरकार के चुंगल से छुटाने के लिए व लोगों को आगाह भी कर रहें है। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि दिल्ली में अब परिवर्तन आने वाला है, जिसकी शुरूआत तो दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की पचास सीटों से जीत के बाद आएगा।





# हर मोर्चे पर दिल्ली सरकार हुई फेल: राज खुराना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: धरने प्रदर्शन** व भ्रष्टाचार को खत्म करने के नाम पर दिल्ली में उपज़ी आम आदमी पार्टी की सरकार हर मुद्दे पर फेलियर साबित हुई। उक्त बातें मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजारावालां टाउन में रहने वाले व सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन राज खुराना ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार सड़कों पर पानी का छिड़काव करा रही है। बावजूद इसके दिल्ली में प्रदूषण को लेकर हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। खुराना ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को अंधेरे में रखकर बेवकूफ बनाकर उनका इस्तेमाल किया है। इतना ही नहीं आप सरकार ने दिल्ली की जनता को वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं समझा है। उन्होंने कहा कि लेकिन दिल्ली की जनता अब केजरीवाल सरकार की राजनीति को अच्छी तरह से समझ गई है।



# सहकारिता क्षेत्र का होगा सुदृढ़ीकरण: उपमुख्यमंत्री

**सम्मेलन**

**इस सम्मेलन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** प्रदेश सहकारी समितियों और हिमकोफेड के संयुक्त तत्वाधान से राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा में सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है पर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार ने परिवहन और एचआरटीसी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नए कदम उठाए हैं, उसी प्रकार सहकारिता विभाग को भी अधिक कार्यशील बनाना है। आज एचआरटीसी के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसें और नई डीजल बसों को शामिल किया जा रहा है। उसी तरह सहकारिता विभाग में नए कदम उठाए जाएंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिन मुद्दों और सुझावों पर चर्चा होगी, उन्हीं के मुताबिक नए कानून और रणनीतियां बनेगी। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए नए कानून प्रस्तावों को विधानसभा में पारित करवाया जाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार सहकारी समितियां है। इसी तरह आत्मनिर्भर हिमाचल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक समय था जब लोगों का सपना कॉरपोरेटर बनना होता था, क्योंकि उस समय सहकारी समितियों का रुतबा काफी बड़ा होता था। आज प्रदेश का लगभग 4500 करोड़ रुपए सहकारी क्षेत्र में जमा है।
उन्होंने कहा कि देश में सहकारिता आंदोलन का जनक हिमाचल प्रदेश है। ऊना जिला के रहने वाले हीरा सिंह ने पहली सहकारी समिति 1892 में बनाई थी।
उन्होंने कहा कि हीरा सिंह की दूरदर्शिता और नेतृत्व को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि उनके कार्य को देश ने नई दिशा दी है।
उन्होंने कहा कि आज प्रदेश भर में हर पांच में से एक व्यक्ति सहकारी समिति से जुड़ा हुआ है।
उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां इस बात का ध्यान रखे कि उनके पास जमा पैसा आम जनता का है, वह किसी सचिव या सोसायटी का पैसा नहीं है।
उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में हिम फेड, वूल फेड, मिल्क फेड जैसी फेडरेशन न आना चिंता का विषय है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन फेडरेशन पर शिकंजा कसा जाए। इसके साथ ही निजी और सरकारी बैंकों के प्रतिनिधियों को भी इस सम्मेलन में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंकों का आधार सहकारिता समितियां ही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग में रिक्त चल रहे करीब 900 पदों को भरने के लिया भविष्य में रणनीति बनाई जाएगी। 1789 सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए बजट जारी कर दिया गया है ताकि सभाओं के कार्यप्रणाली में तीव्रता और गुणवत्ता आए। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य को लेकर संजीदा रहें। जो कार्य आपको दिया गया है उसका निर्वहन ईमानदारी से करें ताकि लोगों के दिलों में आपके कार्य की पहचान बन पाए।

# रामलीला ग्राऊंड में स्टेज बड़ा करने संग बनेंगे दो चेजिंग रूम

**निर्माण**

**ऊना के रामलीला ग्राऊंड में स्टेज को बड़ा करने के साथ-साथ दो चेजिंग रूम का निर्माण किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** ऊना के रामलीला ग्राऊंड में स्टेज को बड़ा करने के साथ-साथ दो चेजिंग रूम का निर्माण किया जाएगा। यह बात ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कही। रायजादा बुधवार को रामलीला ग्राऊंड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने ग्राऊंड में एक तरफ बन रहे बास्केट बॉल के कोर्ट का निरीक्षण करते हुए बेहतर सामग्री उपयोग में लाने के निर्देश दिए। साथ ही बढि?ा क्वालिटी के मेट बिछाने की भी बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक के साथ एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, नगर परिषद ऊना के कार्यकारी अधिकारी ललित कुमार, नगर परिषद के सहायक अभियंता राजेंद्र सैणी व जेई शिवानी ठाकुर मौजूद रही। पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कहा कि रामलीला मैदान में पिछले लंबे वर्षो से रामलीला मंचन के साथ-साथ स्कूल के वार्षिक समारोह व अन्य सरकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। उन्होंने कहा कि स्टेज छोटा होने के कारण कार्यक्रम में कई बार दिक्कत पेश आती है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश संकट में : चेतन बरागटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला :**, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश वर्तमान में एक गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है, जो कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही का परिणाम है। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित ?6,200 करोड़ की ऋण सीमा को केवल 9 महीनों (अप्रैल से दिसंबर 2024) में ही खत्म कर दिया है। हालत ऐसे है कि सरकार ने अंतिम तिमाही के लिए अब नया ऋण लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य को हर महीने वेतन और पेंशन जैसे जरूरी खर्चों के लिए 2,000 करोड़ की आवश्यकता होती है। इस महिने भी सरकारी कर्मचारियों को उनका वेतन मिल चुका है लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन अभी तक नही मिली है। प्रदेश सरकार की यह स्थिति न केवल आर्थिक संकट को दशार्ती है, बल्कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति सरकार की संवेदनहीनता को भी उजागर करती है। बरागटा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में विकास के लिए आवश्यक राजस्व उत्पन्न करने वाले क्षेत्रों, जैसे पर्यटन, उद्योग, और बागवानी, पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय कांग्रेस सरकार ने अपने कुप्रबंधन से राज्य को कर्ज पर निर्भर बना दिया है। मुख्यमंत्री का यह बयान कि वेतन और पेंशन में देरी इसलिए की गई ताकि ऋण पर ब्याज बचाया जा सके, यह साबित करता है कि कांग्रेस सरकार किस प्रकार अपने आर्थिक कुप्रबंधन को छिपाने की कोशिश कर रही है। हिमाचल प्रदेश को बेहतर प्रशासन और जिम्मेदार आर्थिक नीतियों की जरूरत है। कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों ने न केवल राज्य को कर्ज के बोझ तले दबा दिया है, बल्कि जनता के विश्वास को भी ठेस पहुंचाई है। बरागटा ने कांग्रेस द्वारा दो वर्ष पूर्ण होने पर किए जा रहे जश्न पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस इस बात का जश्न मना रही है कि उन्होंने वित्तीय कुप्रबंधन कर प्रदेश की जनता को संकट में डाला और प्रदेश को 20 वर्ष पिछे धकेल दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए लगातार हिमाचल प्रदेश की जनता को गुमराह करने में लगे है,जबकि कांग्रेस सरकार को अपनी गलतियों से सीख लेते हुए राज्य को इस वित्तीय संकट से निकालने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

### अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने 6ठे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया

**शिमला: अनंत** नेशनल यूनिवर्सिटी ने अपने 6ठे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जिसमें 293 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। ये छात्र बैचलर ऑफ डिजाइन,बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, मास्टर ऑफ डिजाइन और अनंत फेलोशिप इन सस्टेनेबिलिटी एंड बिल्ट एनवायरनमेंट से जुड़े थे।समारोह में पद्म भूषण और पद्मश्री से सम्मानित इंफोसिस फाउंडेशन की संस्थापक लेखिका और परोपकारविद श्रीमती सुधा मूर्ति मुख्य अतिथि थीं। उनके साथ अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट श्री अजय पिरामल,प्रोवोस्ट डॉ.अनुनया चौबे फाउंडिंग प्रोवोस्ट डॉ. प्रमथ राज सिन्हा और बोर्ड के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।पिरामल ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन डॉ. स्वाति पिरामल ने भी इस खास अवसर की शोभा बढ़ाई। दीक्षांत समारोह के दौरान अनंत के ग्रेजुएट्स को संबोधित करते हुए श्रीमती सुधा मूर्ति ने कहा आप सभी रचनात्मक लोग हैं सृजनकर्ता की तरह जैसे भगवान ब्रह्मा। अपनी रचनाओं के माध्यम से आप अपने विचार और भावनाएं व्यक्त करते हैं। लेकिन जो बात सबसे ज्यादा मायने रखती है वह यह है कि आप अपने प्रोजेक्ट्स के जरिए समुदायों से किस तरह जुड़ते हैं। मैंने देखा है कि आज के कई युवा सार्थक जुड़ाव बनाने में संघर्ष करते हैं लेकिन अनंत के छात्रों में यह गुण खास है। यह आपको दूसरों से अलग बनाता है।श्रीमती मूर्ति ने रचनात्मकता के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह प्रगति का सबसे बड़ा संकेत है।उन्होंने अनंत के छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी संवेदनशीलता और रचनात्मकता के माध्यम से देश में बदलाव लाने का काम जारी रखें।उन्होंने अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के कुछ अनोखे प्रयासों की सराहना की जिनमें विशेष रूप से अडेप्ट नामक पहल शामिल है। यह अनंत डिजाइन एंट्रेंस और प्रोफिशिएंसी टेस्ट देश का पहला बहुभाषीय डिजाइन टेस्ट है। यह पहल भाषा की बाधाओं को तोड़ती है और रचनात्मक युवाओं तक पहुंचकर डिजाइन शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाती है। अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट अजय पिरामल ने कहा अनंत विश्व स्तरीय और किफायती शिक्षा देकर डिजाइन क्षेत्र में क्रांति लाने में सबसे आगे है। यहां आधुनिक तकनीक को पारंपरिक तरीकों से जोड़ा जाता है। हमारा डिजाइन एक्स तरीका छात्रों को रचनात्मकता,नवाचार,समावेशिता और प्रभावशाली तरीके से दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है।




### पीजी कॉलेज में सडक सुरक्षा क्लब का हुआ गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** राजकीय महाविद्यालय ऊना में बुधवार को सडक सुरक्षा क्लब का औपचारिक उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने छात्रों को सडक सुरक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में सडक सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है। छात्रों को इस अभियान से जोड? के लिए सदस्यता अभियान भी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक व क्लब सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शीत ऋतु के दौरान आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का विस अध्यक्ष ने लिया जायजा

**समीक्षा**

**आपदा के संभावित खतरे की रोकथाम के बारे विभिन्न विभागीय तैयारीयों की भी समीक्षा की गई।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा :** जिला मुख्यालय चंबा में शीत ऋतु के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारीयों के संबंध में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। बचत भवन के सभागार में आयोजित इस बैठक में जिला के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा सभी जिला स्तर के विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शीत ऋतु के दौरान विभागीय तैयारियों के अलावा आपदा के संभावित खतरे की रोकथाम के बारे विभिन्न विभागीय तैयारीयों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा को निर्देश दिए शीत ऋतु के दौरान जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं सहित विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल भवनों को असुरक्षित घोषित करने संबंधी प्रक्रिया को न्यूनतम समय अवधि में पूर्ण किया जाए तथा संबंधित एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में इस संबंध नियमित समीक्षा करें।
कुलदीप सिंह पठानिया ने जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि वे इस साल कम बर्षा के कारण प्रभावित होने वाली पेयजल योजनाओं की स्थिति में वैकल्पिक योजनाओं से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एहतियातन कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी पेयजल योजना क्षेत्रों के आसपास भू रिचार्ज तथा जल संरक्षण के लिए भी एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे मोबाइल टावरों में 2 से 3 दिन तक का पावर बैकअप कायम रखें ताकि ग्रिड फेल होने की स्थिति में दूरसंचार सेवा बाधित न हो।
उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा तथा विभिन्न उपमंडलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे आपात सेवाओं से संबंधित संस्थाओं व स्थानों पर भी दो से तीन दिन तक का अतिरिक्त पावर बैकअप कायम रखें ताकि संभावित आपदा की स्थिति में आपातकालीन सेवाएं निरंतर जारी रहे। उन्होंने सभी उपमंडलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने स्तर पर भी शीत ऋतु से पूर्व आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों बारे उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लें।

# सिक्योरिटी गार्ड्स व सुपरवाइजर 100 पदों की भर्ती 7 दिसम्बर से

**भर्ती**

**उम्मीदवार की शारीरिक ऊंचाई कम से कम 168 सेमी और वजन 55-95 किलोग्राम होना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** एसआईएस इंडिया लिमिटेड के रीजनल ट्रेनिंग सेंटर शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 100 (नियमित) पदों को भरने के लिए जिला ऊना में भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए एसआईएस कंपनी के भर्ती अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि ये शिविर 6 दिसम्बर को बीडीओ कार्यालय अंब, 7 दिसंबर को बीडीओ बंगाणा तथा 9 दिसंबर को बीडीओ हरोली में लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयु सीमा 19-40 वर्ष निर्धारित की है, जबकि शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10वीं या इससे अधिक होनी अनिवार्य है।
उम्मीदवार की शारीरिक ऊंचाई कम से कम 168 सेमी और वजन 55-95 किलोग्राम होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को भर्तीस्थल पर ही कॉल लेटर दिए जाएंगे। तत्पश्चात 26 दिन के प्रशिक्षण के बाद हिमाचल व चण्डीगढ़ में पोस्ट किया जाएगा। इस पद के लिए मासिक वेतन 17500-19500 दिया जाएगा। इसके अलावा पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, इंश्योरेंस, इपीएफ, ईएसआईसी, बोनस जैसी अन्य सुविधाएँ भी दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि को सुबह 10:30 बजे अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों और दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित भर्तीस्थल पर पहुँचना सुनिश्चित करें।

### डंगोली का व्यक्ति लापता, पुलिस जांच में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला मुख्यालय के साथ लगते डंगोली गांव का 44 वर्षीय व्यक्ति अचानक लापता हो गया। बेटे की गुमशुदगी को लेकर पिता ने ऊना पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुखदेव सिंह निवासी डंगोली में बताया कि बुधवार सुबह बेटा भूषण सिंह घर से ऊना गया था, लेकिन देर शाम तक वापिस घर नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी बेटे का कोई पता नहीं चल पाया।
एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

# बसाल गांव के लोगों ने नगर निगम में उन्हें मर्ज किए जाने पर आपत्ति करवाई दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**विरोध**

**बुधवार को बसाल तथा आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण नगर निगम कार्यालय सोलन पहुंचे**

**सोलन:** नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 17 में बसाल पंचायत का कुछ एरिया मर्ज किया गया है जिसको लेकर ग्रामीणों ने इसका विरोध जाहिर किया है। बुधवार को बसाल तथा आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण नगर निगम कार्यालय सोलन पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम सोलन में उन्हें शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना है कि वह खेती करते हैं और उन्हें नगर निगम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि गलत सर्वे के आधार पर ग्रामीणों को नगर निगम में शामिल किया गया है। ऐसे में उन्हें फालतू के टैक्स के बोझ से जूझना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें नगर निगम से बाहर किया जाए और उन्हें पंचायत में ही रहने दिया जाए। इस बात को लेकर नगर निगम सोलन की कमिश्नर एकता काप्टा ने कहा है कि ग्रामीणों की डिमांड को ध्यान में रखा जाएगा और इसको लेकर उचित कदम उठाए जाएंगे। उनका कहना है कि ग्रामीण कह रहे है कि एक भाई पंचायत में तो एक भाई नगर निगम में आ गया है जो कि गलत हैं। वहीं दूसरी तरफ लोगों के घर निगम में है वहीं जमीन पंचायत में रह चुकी है ऐसे में उन्हे कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। कमिश्नर एकता काप्टा ने कहा कि ग्रामीणों की बात पर ध्यान दिया जाएगा और लोकल प्रशासन से भी बात करके इसे सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बात को लेकर भी जनरल हाउस में चर्चा की जाएगी कि लोगों को टैक्स में रियायत दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रॉपर तरीके से सर्वे किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को सहूलियत मिल सके।

# बहड़ाला स्कूल के वार्षिक समारोह रायजादा ही होंगे मुख्यातिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**



**ऊना:** 5 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहडाला में होने वाले वार्षिक समारोह में ऊना सदर के पूर्व विधायक व रॉफ्टिंग संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतपाल रायजादा ही अब मुख्यातिथि के रूप में पहुंचेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य हरीश जोशी ने दी। इसके साथ ही प्रधानाचार्य ने बताया कि बहड़ाला स्कूल ग्राऊंड में दो वर्ष से लटके बाऊंड्री बॉल का कार्य भी बुधवार से शुरू हो गया है।
प्रधानाचार्य जोशी ने बताया कि बहड़ाला स्कूल ग्राऊंड में स्टेयर्स का कार्य दो वर्ष पहले शुरू हो गया था, लेकिन बाऊंड्री बाल का कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ था। उन्होंने बताया कि स्कूल खेल मैदान के साथ लगती जमीन के मालिकों ने सरकार से ग्राऊंड के बीच से रास्ता देने की मांग उठाई थी, जिसको लेकर स्कूल प्रशासन व सरकार को ज्ञापन भेजा था। जमीन मालिकों ने दलील थी बाऊंड्री बॉल होने से घर को व किसानों की खेती के लिए अन्य कोई रास्ता नहीं होगा। काफी माह चले विवाद के बाद अब सरकार ने स्कूल खेल मैदान की बाऊंड्री बॉल करने का फैसला लिया है, जिसके बाद अब कार्य शुरू हो गया है।
उन्होंने बताया कि स्कूल खेल मैदान में करीब 110 मीटर लंबी बाऊंड्री लगाने के साथ-साथ सडक किनारे गेट भी लगाया जाएगा। कार्य खत्म होने के बाद स्कूली बच्चों को मैदान का काफी फायदा मिलेगा। वहीं प्रधानाचार्य हरीश जोशी ने बताया कि दो दिन पूर्व स्कूल में हुई बैठक के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत उप प्रधान सहित महिला मंडल ने मुख्यातिथि के नाम पर आपत्ति जता रहे थे।
लेकिन अब मुख्यातिथि के प्रयासों से बहड़ाला स्कूल बाऊंड्री बॉल का कार्य शुरू हो गया है, जिसके बाद अब 5 दिसंबर को होने वाले वार्षिक समारोह में ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को बतौर मुख्यातिथि बुलाने पर सबकी सहमति बनी है।

# आईजीएमसी में भी कैंसर की दवाई नहीं देने वाले कर रहे हैं बड़ी-बड़ी बातें: जयराम

**हमला**

**ओपन हार्ट सर्जरी के पेशेंट ऑपरेशन बेड से लौटाए जा रहे हैं और प्रदेश के मुखिया झूठ बोल रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजधानी में स्थित इंदिरा गाँधी मेडिकल कॉलेज में भी सरकार कैंसर के मरीजों को दवाइयां नहीं उपलब्ध करवा पा रही है इसके बाद भी बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए झूठ बोलना बहुत ही बेशर्मी की बात है। क्या इस सरकार का एकमात्र एजेंडा और गवर्नेंस का मॉडल झूठ का मॉडल है? क्या मुख्यमंत्री अखबार नहीं पढ़ते या उन्हें उनके सलाहकारों द्वारा बताया नहीं जाता कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था के क्या हाल है? कैंसर के इलाज समय का कितना महत्त्व होता है, यह बात हर आदमी जानता है लेकिन यह बात मुख्यमंत्री को और हमारे स्वास्थ्य महकमे के सर्वेसर्वा लोगों को नहीं पता है। कैंसर का इलाज करा रहे पेशेंट के लिए यूज की जाने वाली इम्यूनोथेरपी के इंजेक्शन प्रदेश के सबसे बड़े संस्थान आईजीएमसी में भी नहीं है। पेशेंट आते हैं और इंजेक्शन न मिलने पर बिना इलाज के ही लौट जाते हैं। इसके बाद प्रदेश के मुखिया बड़े-बड़े मंचों से खड़े होकर कहते हैं की हमने तो स्वास्थ्य व्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कर दी है। ऐसी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था प्रदेश को नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री इस बात को समझें की बड़ी-बड़ी बातों से बीमारियों के इलाज नहीं होते हैं उसके लिए दवा, डॉक्टर, टेक्नीशियन, और इक्विपमेंट की जरूरत होती है। इसलिए मुख्यमंत्री बड़ी-बड़ी बातों से मरीजों के जीवन फिर खिलवाड़ करना बंद कर दें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा की हर दिन प्रदेश के अखबारों में स्वास्थ्य व्यवस्था के रसातल में चले जाने की खबरें प्रमुखता से छपती हैं। कभी ओपन हार्ट सर्जरी के लिए ऐडमिट पेशेंट बेड से वापस लौटा दिए जाते हैं तो कभी छोटे मोटे ऑपरेशन के लिए आए मरीज बिना ऑपरेशन के ही घर भेज दिए जाते हैं। सामान्य से सामान्य जांचों की किट और रूटीन में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां भी आईजीएमसी में उपलब्ध नहीं रहती है। जिसके कारण लोगों को या तो बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ती है या बिना पूरी दवाइयों के ही इलाज करवाना पड़ता है। यह सिर्फ इसलिए है कि सरकार दवा आपूर्ति करने वाली संस्थाओं के पुराने बिलों का भुगतान नहीं कर रही है।
]दुखद स्थिति ये है की यह हालात प्रदेश के दूरस्थ स्थित किसी सामान्य संस्थान के न होकर आईजीएमसी जैसे प्रदेश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित संस्थान के हैं। हर बार लोगों को सिर्फ इसलिए परेशानी झेलनी पड़ती है कि मुख्यमंत्री सिर्फ बड़े-बड़े मंचों से बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और मूलभूत समस्याओं पर ध्यान नहीं देते हैं।

# कांग्रेस के दो साल का विरोध करने के लिए बाहर से भाजपा बुला रही नेता: नरेश चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला:** शिमला मे बीते दिन भाजपा राष्ट्रीय पर्वक्ता गौरव भाटिया द्वारा पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस सरकार के 2 साल के जशन मनाने पर सवाल खड़े किए और जम कर हमला बोला। वही मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकर नरेश चौहान पलटवार किया और कहा कि भाजपा को कांग्रेस सरकार के दो सालों का विरोध करने के लिए बाहर से नेताओं को लाना पड़ रहा है और उन से झूठ बुलवाया जा रहा है। नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा बेतुकी बातों से बाहर निकल कर वास्तविक मुद्दे पर आये। हिमाचल में भाजपा के बड़े नेता हैं लेकिन क्या वजह है कि उन्हें बाहर के भारतीय राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को शिमला बुलाना पड़ रहा है। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में लोगो को खुश करने के लिए हर चीजों के दाम गिराये। जिसे प्रदेश को बहुत नुकसान हुआ है। इसके बारे में भी गौरव भाटिया को जानकारी होनी चाहिए कि जब प्रदेश से भाजपा की सरकार गई तो कितना कर्ज छोड़ कर गई है इसके बारे में भी उन्हें बात करनी चाहिए थी।साथ ही वे बताए कि दो साल मे भाजपा ने ऐसा कौन से पैकेज दिलवाया है जिससे प्रदेश का विकास हुआ हो।
प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 2 सालों में अनेक विकास के कार्य के हैं जो चुनाव में वादे किए थे उन्हें पूरा किया जा रहा है और पांच गरंटिया पूरी कर दी है और अन्य गारंटियों को भी पूरा करने के लिए बिलासपुर में घोषणा की जा सकती है।

# नया भारत तय करता है दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा: योगी

## दुनिया उसी का अनुसरण करती जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का रखता है जज्बा : सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है। एक समय था जब भारत दुनिया के किसी भी गुट में नहीं था। देश के सामने असमंजस की स्थिति थी कि उसकी दिशा क्या होगी, उसे क्या करना है। पर, आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा तय करता है। दुनिया का ध्रुवीकरण उधर होता है, जिधर भारत होता है। सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप (एम पी)शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है।

जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत को खुद को उसी अनुरूप तैयार किया और परिणाम है कि आज भारत की दिशा के बिना दुनिया की दिशा की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया में मानवता के सामने जो चुनौती है, भारत उससे निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है। जी-20 का समिट उसका प्रमाण है। आज दुनिया का कोई भी बड़ा आयोजन भारत के बिना नहीं होता है।

आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं सीएम योगी ने देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं होती है। संस्थाओं और व्यक्तियों को भी इसकी जिम्मेदारी उठानी होती है।

अब जिम्मेदारी से बचने का नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझने

**विश्वास बढ़ा**

**▸▸ मानवता के सामने खड़ी चुनौतियों से निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है भारत : सीएम योगी**

और खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय किया है, देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मन रहा होगा तब तक देश को विकसित भारत बनाने का। इसमें हर नागरिक, हर संस्था की भूमिका होनी चाहिए कि हमारा देश आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बने और स्वाभिमान के साथ इस विकास यात्रा में हमारा भी योगदान हो। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के दोनों प्रणेताओं ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का भी पूरे जीवन यही भाव रहा।

### यूपी के प्राचीन वैभव को पुनर्स्थापित कर रहे हैं सीएम योगी: तोमर

**गोरखपुर:** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एक समय वह भी आ गया था जब उत्तर प्रदेश में कोई आने को तैयार नहीं था। पर, योगी आदित्यनाथ ने जबसे मुख्यमंत्री के रूप में यहां कमान संभाली है तबसे यूपी का प्राचीन वैभव पुनर्स्थापित होने लगा है। कानून व्यवस्था की बात हो, निवेश लाने की, स्वास्थ्य क्षेत्र की सुदृढ़ता, गरीबी उन्मूलन या फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हर दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाए हैं। श्री तोमर बुधवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ से वह कई भूमिकाओं में मिलते रहे हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में राज्य में कई स्थानों पर प्रदर्शन

**जबरदस्त प्रदर्शन**

**▸▸ भोपाल और देवास जिलों में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन- जिहादियों मयार्दा में रहो वरना ईंट से ईंट बजाना जानता है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल/इंदौर:** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बुधवार को इंदौर और भोपाल में जबरदस्त प्रदर्शन हुआ। जुलूस में हिंदूवादी संगठन, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के अलावा आमजन और व्यापारी समेत सभी वर्ग के लोग शामिल हो अपना विरोध जताया। इन प्रदर्शनों में साहित्यकार, शिक्षक, सेना के पूर्व कमांडर, सेवानिवृत्त अफसर, डॉक्टर, प्रोफेशनल भी शामिल हुए। इंदौर में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में



आक्रोश रैली निकाल गई, जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। सुबह करीब 10 बजे सभी हिंदू समाज के लोग, संघ के वैचारिक संगठन के लोग, स्वयंसेवक, भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी संगठन के लोग लालबाग परिसर में एकजुट हुए। यहां से शुरू हुई आक्रोश रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची और कलेक्टर आशीष सिंह को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान रैली में संघ की ओर से ढाई लाख से लोगों के शामिल होने का दावा किया गया। शहर के सभी बाजार ने आधे दिन बंद रखने का समर्थन किया है। बड़ी संख्या में साधु-संत रैली में शामिल हुए हैं। ज्ञापन देने के बाद कलक्ट्रेट चौराहे परजनसभा भी हुई। प्रदर्शन में शामिल पूर्व मंत्री व विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि सनातनी देश भक्त हिंदू समाज ने संदेश दिया है कि जिहादियों अपनी मयार्दा में रहो। वरना ईंट से ईंट बजाना भारत जानता है। रैली में शामिल होने पहुंचे जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे हिदुओं पर अत्याचार हम सहन नहीं करेंगे। इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए अहिल्यानगरी में जनसैलाब सड़कों पर उतरा है।

# तीव्र गति से चल रहा है सूरतगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य



**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर-पश्चिम रेलवे, बीकानेर मंडल के सूरतगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से चल रहा है और प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भूपेश यादव के अनुसार स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सकुर्लेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य अंतिम चरण में है और लगभग 83 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है। लगभग 20.39 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यों के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा । स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अत्यन्त आकर्षक है एवम आकर्षक आधुनिक स्टेशन भवन निमार्णाधीन है। सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया जाएगा। स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार से संबंधित कार्य तथा हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा।

**सौंदर्यीकरण**

**▸▸ सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया जाएगा**

# प्रदेश में हर गरीब के पक्के मकान का सपना होगा साकार: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत तेजी से पूर्ण किए आवासों और योजना में अच्छे प्रदर्शन के कारण भारत सरकार द्वारा राज्य के लिए 15 हजार नए आवास स्वीकृत किए गए हैं। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 15 हजार नए आवासों की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नए आवासों की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के प्रति



आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहरों के लिए 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति पर केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि, राज्य में जल्दी ही हर गरीब के पक्के मकान का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आवासों का निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार अंतिम छोर पर खड़े हर व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की कोशिशों से राज्य के सभी शहरों के लिए ये आवास स्वीकृत किए गए हैं।

**आवास स्वीकृत**

**▸▸ नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की कोशिशों से राज्य के सभी शहरों के लिए ये आवास स्वीकृत किए गए**

### 15 हजार नवीन आवासों की सैद्धांतिक स्वीकृति का पत्र प्रेषित किया

**भारत** सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत 15 हजार नवीन आवासों की सैद्धांतिक स्वीकृति का पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को मार्च-2025 तक 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति के साथ ही इन नए आवासों को मंजूरी प्रदान करने के पीछे राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के त्वरित क्रियान्वयन का भी उल्लेख है।

### हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के खिलाफ एक और मुकदमा

**ढाका: बांग्लादेश में देश**द्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी व अन्य के खिलाफ चट्टोग्राम में हुई हिंसा के संबंध में एक और मामला दर्ज किया गया है। ब्रह्मचारी को कल अदालत से जमानत नहीं मिल सकी। अदालत उनकी जमानत याचिका पर अगले साल दो जनवरी को सुनवाई करेगी। व्यापारी मोहम्मद उल्लाह ने बंदरगाह शहर के कोतवाली पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज कराया है।

# मिशन शक्ति अभियान से लाभान्वित होगा हरिद्वार

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार: मुख्य** विकास अधिकारी (सीडीओ) आकांक्षा कोण्डे ने बुधवार को ग्राम स्वस्थ्य स्वछता एवं पोषण दिवस के सुदृढ़ीकरण को लेकर मिशन सशक्त अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में जनपद के 10 लाख से अधिक जनमानस लाभान्वित होंगे। इसमें 20 हजार से अधिक गर्भवतियों का पंजीकरण, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन एवं उनका उपचार, आयरन एवं फोलिक एसिड का वितरण, मातृत्व पोषण पर परामर्श आदि सेवाएं शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को टीकाकरण, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन एवं उनका उपचार आदि सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही 20 हजार से अधिक धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं प्रदान की जाएंगी।




# आलू प्याज खरीद बिक्री को लेकर बिहार बंगाल सीमा को किया सील

**टीम एक्शन इंडिया**

**किशनगंज: बिहार** बंगाल के रामपुर चेकपोस्ट के पास बुधवार को बंगाल पुलिस ने सीमा को सील कर दिया है। मामला बंगाल राज्य से अन्य राज्यों में प्याज और आलू खरीद बिक्री को लेकर हैं। वहीं रामपुर चेकपोस्ट के समीप इस्लामपुर एसडीपीओ के साथ पुलिस बल सीमा में मौजूद है। पश्चिम बंगाल के आलू व्यापारियों ने धमकी दी है कि अगर राज्य सरकार दूसरे राज्यों को आलू बेचने पर प्रतिबंध नहीं हटाती है तो वे



हड़ताल पर चले जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने हाल ही में स्थानीय बाजारों में कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास में पड़ोसी राज्यों को आलू बेचने पर प्रतिबंध फिर से लगा दिया है। स्थानीय बाजारों में आलू 35-40 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है। राज्य सरकार के फैसले के बाद, पुलिस ने राज्य से बाहर आलू के परिवहन को रोकने के लिए अंतर-राज्यीय सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी है। इसके कारण कई ट्रक सीमा पार से फंसे हुए हैं।

व्यापारियों और कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ने स्थानीय बाजारों में कीमतों को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया और इसके लिए बिचौलियों की मुनाफाखोरी को जिम्मेदार ठहराया।

### ममता बनर्जी जल्द करेंगी कैबिनेट में फेरबदल

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले साल की शुरूआत में अपने कैबिनेट में बड़े पैमाने पर फेरबदल करने की तैयारी में हैं। सूत्रों के अनुसार, यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी और अगले दो-तीन महीनों में इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि यह फेरबदल मुख्य रूप से उन विभागों पर केंद्रित होगा जो सीधे जनसेवाओं से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री का उद्देश्य 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए इन विभागों की कार्यक्षमता में सुधार करना है।

**महाकुम्भ स्पेशल** कुम्भ के सफरनामे को कोरियोग्राफ के जरिए किया जाएगा प्रस्तुत, दिग्गज एक्टर आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर देंगे अपनी प्रस्तुति

# महाकुम्भ में कुम्भ की गाथा सुनाएंगे देश के चर्चित कलाकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** महाकुम्भ 2025 को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने हेतु योगी सरकार अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना पर काम कर रही है। एक तरफ जहां बॉलीवुड के तमाम सितारे अपनी सुरीली आवाज में यहां श्रद्धालुओं को आध्यात्म और संस्कृति के रस से सराबोर करेंगे तो वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक संध्या में महाकुम्भ से जुड़ी गाथाओं और रामलीला व महाभारत की लीलाओं का भी मंचन होगा। इन प्रस्तुतियों के लिए भी देश के दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में




पहुंचेंगे और श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर अपनी प्रस्तुति देंगे तो एक्ट्रेस और सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण पर कला का परिचय देंगी। महाभारत सीरियल फेम पुनीत इस्सर महाभारत की अपनी प्रस्तुति से लोगों को प्रचीन भारत के युग में ले जाएंगे। यह सभी कार्यक्रम गंगा पंडाल में आयोजित किए जाएंगे। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा इसका आयोजन किया जाएगा। अपनी अदाकारी से लोगों को रोमांचित करने नाले फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 25 जनवरी को गंगा पंडाल में हमारे राम की प्रस्तुति देंगे। इन नाट्य शो में वह रावण का किरदार निभाते हैं।

**नाट्य शो**

**▸▸ इन प्रस्तुतियों के लिए भी देश के दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पहुंचेंगे**